आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 261 ● कटनी ● गुरुवार, 27 अक्टूबर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कार्तिक मास शुक्ल पक्ष-3 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935


## भारतीय महिला क्रिकेटरों को पुरुषों जितनी ही मिलेगी सैलरी



**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेटरों को पुरुषों के समान ही सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में समान पेमेंट मिलेगी। इसकी घोषणा गुरुवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह ने की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा कि पुरुषों के समान ही महिलाओं को भी समान वेतन दिया जाएगा।

## केदारनाथ और यमुनोत्री धाम के कपाट आज से बंद होंगे

देहरादून, एजेंसी। शीतकाल के लिए केदारनाथ और यमुनोत्री धाम के कपाट आज से बंद हो जाएंगे। केदारनाथ में बाबा केदार की वैदिक मंत्रोचार और पूजा-अर्चना होगी। इसके बाद सुबह साढ़े आठ बजे मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाएंगे। कपाट बंद होने के बाद बाबा केदार की चल विग्रह डोली ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ के लिए प्रस्थान करेगी। उधर, दोपहर करीब 12 बजे यमुनोत्री धाम में मां यमुना मंदिर के कपाट बंद किए जाएंगे और माता की डोली अपने मायके खरसाली के लिए प्रस्थान करेगी।




# गैस रिसाव ने भोपाल को आधी रात में डराया

## खतरनाक बदबू, सांस लेने में दिक्कत, टीआई समेत 10 बीमार:70 परिवारों को रातोंरात शिफ्ट किया

**भोपाल, यशभारत। भोपाल में बुधवार रात कुछ देर के लिए 1984 के गैसकांड की यादें ताजा हो गईं। नगर निगम के वाटर फिल्टर प्लांट से क्लोरीन गैस रिसी तो लोगों की सांसें फूलने लगीं। उनको आंखों में असहनीय जलन होनी लगी। खौफजदा लोग घर छोड़कर भागने लगे। भोपाल में क्लोरीन गैस रिसने से लोगों की रात खौफ में कटी। मदर इंडिया कॉलोनी में नाले के किनारे रहने वाले 70 से ज्यादा परिवारों को शिफ्ट करना पड़ा। ज्यादातर लोग आज सुबह घरों को लौटे। खाली घरों में चोरी न हो जाए, इसलिए बुधवार को रातभर पुलिस तैनात रही।**

इलाके में ड्यूटी कर रहे शाहजहांनाबाद टीआई सौरभ पांडे की तबीयत रात में बिगड़ गई। उन्हें प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। आंखों में जलन और सांस लेने में तकलीफ होने पर 10 से ज्यादा लोगों को हमीदिया में भर्ती कराया गया है। क्लोरीन गैस सिलेंडर से लीक हुई। पहले इसके टैंक से रिसने की बात सामने आई थी। गैस हवा में न फैले, इसलिए सिलेंडर को पानी में डाला गया। यही पानी बस्ती में नाले के जरिए पहुंच गया और गंभीर हालात बन गए। खतरनाक बदबू, सांस लेने में दिक्कत, आंखों में जलन के बाद भोपाल के ईदगाह हिल्स इलाके में हड़कंप मच गया। लोगों को यह समझ में आ गया कि यह गैस का रिसाव है। इसके बाद लोगों घरों से अपनों को लेकर बाहर की ओर भागने लगे। तब तक यह साफ हो गया था कि पास स्थित वाटर प्लांट से गैस का रिसाव हो रहा है। यह रिसाव क्लोरीन गैस के टैंक से हो रहा था। इसके बाद कई लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी।



प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और उन्हें इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर गई। तीन घंटे तक इलाके में हड़कंप मचा रहा। प्रशासन की टीम ने जब लोगों को आश्वस्त किया, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। दरअसल, मदर इंडिया कॉलोनी में वाटर प्लांट है। वाटर प्लांट में रखे क्लोरीन गैस टैंक में रिसाव हुआ था। प्लांट के करीब 150 लोगों की बस्ती है। गैस रिसाव के साथ ही यहां से लोग भाग लगे थे। लोगों ने भोपाल गैस त्रासदी को याद करते हुए घरों को खाली कर दिया था। ज्यादातर घरों में ताले लटक गए थे। सुबह में स्थिति सामान्य होने के बाद लोगों अपने घरों में लौट रहे हैं। कुछ लोग घर से जरूरी सामान लेकर भागे थे।

### सड़कों पर उतर आए लोग

क्लोरीन गैस रिसाव के बाद तेज दुर्गंध से लोग परेशान हो गए थे। मदर इंडिया कॉलोनी के लोग अपने घरों से निकलकर ईदगाह हिल्स स्थित मेनरोड पर आकर जमा हो गए। लोगों की भीड़ के कारण ईदगाह हिल्स रोड पर जाम लग गया। इसके बाद प्रशासन की टीम वहां पर पहुंची और भीड़ को नियंत्रित किया। साथ ही गैस रिसाव के कारण बीमार लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया।

### वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में हुआ था लीकेज

भोपाल नगर निगम का ईदगाह हिल्स में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट है। इस प्लांट में पानी को प्यूरीफाई किया जाता है। इसके बाद पीने के लिए शहर में सप्लाई होती है। क्लोरीन गैस का इस्तेमाल पानी को साफ करने के लिए किया जाता है। इससे पानी के अंदर मौजूद बैक्टरिया मर जाता है। इसी प्लांट में क्लोरीन गैस टैंक को भरकर लाया गया था।



## खरगोन टैंकर धमाके में 12 घायलों की स्थिति अत्यंत गंभीर

**इंदौर ईएमएस।** खरगोन हादसे में झुलसे 17 घायलों में से 12 की स्थिति अत्यंत गंभीर है। झुलसे लोगों को एमवायएच की पुरानी बर्न यूनिट में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। डाक्टरों की टीम मरीजों की स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए हुए है। एमवायएच अधीक्षक डा. पीएस ठाकुर ने बताया कि झुलसे लोगों के अस्पताल पहुंचने से पहले ही सूचना के आधार पर उपचार की व्यवस्था कर ली गई थी। मरीजों के इलाज में विशेष टीम तैनात कर दी गई है। मरीजों के पहुंचने का सिलसिला करीब ढाई बजे तक चलता रहा। संभागायुक्त डा. पवन कुमार शर्मा और पुलिस महानिरीक्षक राकेश गुप्ता खुद व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए अस्पताल पहुंचे।एमवायएच में जिन 17 मरीजों का उपचार चल रहा है उनमें से 12 की स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई है। पांच लोग तो ऐसे हैं जो 80 प्रतिशत से ज्यादा झुलस गए हैं। हादसे में दो तरफ से मार पड़ी है। पहला तो आग की वजह से लोग झुलसे, दूसरा विस्फोट की वजह से भी उनकी स्थिति बिगड़ गई। डा. ठाकुर ने बताया कि ज्यादातर के शरीर का ऊपरी हिस्सा और कमजोर अंग झुलस गए हैं।

## तमिलनाडु कार ब्लास्ट में आतंकी संगठन IS पर शक



**कोयंबटूर, एजेंसी।** 23 अक्टूबर को तमिलनाडु के कोयंबटूर में एक कार में धमाका हुआ। इसमें जेमिशा मुबीन नाम के शख्स की मौत हो गई। मुबीन ही कार चला रहा था। जांच में पता चला कि वह दक्षिण भारत में 5 जगह ब्लास्ट करने वाला था। आज कार ब्लास्ट में पुलिस ने छठे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह व्यक्ति ब्लास्ट में मरने वाले आतंकी जेमिशा मुबीन का चचेरा भाई अफसर खान है। उसे दो दिन पहले स्ढ्ढ्ञ ने पकड़ा है। इसके पहले पकड़े गए 5 आरोपी 15 दिन की पुलिस हिरासत में हैं। सभी के आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट से जुड़े होने का शक है। जांच के लिए NIA की टीम कोयंबटूर पहुंच गई है।CCTV फुटेज में तीन आरोपियों को मुबीन की कार में 2 सिलेंडर और 3 ड्रम रखते हुए देखा गया था। इन्हीं से कार में ब्लास्ट किया गया।इस्लामिक स्टेट उन 43 संगठनों में शामिल है, जिन पर भारत में बैन है।

## हादसे में खत्म हुआ परिवार :कार की टक्कर से पति-पत्नी और बेटे की मौत

**जावरा ,ईएमएस।** रतलाम के जावरा में मंगलवार रात करीब 8 बजे हुए भीषण हादसे में एक परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई, जबकि घायल बेटी को रतलाम रेफर किया गया है। ये एक्सीडेंट उज्जैन बायपास पर हुआ, जहां कार और बाइक की टक्कर हो गई। बाइक पर दंपती और दो बच्चे सवार थे। हादसे में बाइक चला रहे पति की मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी और बेटे ने अस्पताल में दम तोड़ा। औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि केशुराम पिता मन्नालाल डिंडोर, पत्नी नर्मदाबाई, बेटा प्रवीण (14) और बेटी शिवानी (13) बाइक से अपने गांव मोरिया जा रहे थे। उज्जैन बायपास पर लालाखेड़ा फंटे के पास एक कार से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। पति-पत्नी कार के नीचे दब गए। इसमें केशुराम की मौत हो गई। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। यहां नर्मदाबाई और बेटे प्रवीण की भी मौत हो गई। बेटी शिवानी को रतलाम रेफर किया गया है।

### महाराष्ट्र सरकार पर संकट!

## एकनाथ शिंदे का सिरदर्द बना 2 MLAs का झगड़ा

**मुंबई,एजेंसी।** महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार पर संकट के बादल मंडराते नजर आ रहे हैं। यहां शिंदे समर्थक दो विधायकों रवि राणा और बच्चू कडू में तनाव जारी है। कहा जा रहा है कि कडू की तरफ से चेतावनी जारी कर दी गई है कि वह जल्दी कोई च्फैसलाज्ले सकते हैं। साथ ही ह भी खबर है कि वह अदालत जाने की तैयारी कर रहे हैं। बडनेरा से निर्दलीय विधायक राणा दावा कर रहे हैं कि प्रहार जनशक्ति पार्टी के कडू ने शिंदे का समर्थन करने के लिए रुपये लिए हैं। अब कडू ने चेतावनी दे दी है कि राणा के आरोपों पर सीएम शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस अगर जवाब या राणा के आरापों को साबित करते सबूत नहीं देते हैं, तो वह 8 अन्य विधायकों के साथ फैसला ले लेंगे।



उन्होंने कहा, च्वह यह दावा करते हुए निजी हमले कर रहे हैं कि मैंने रुपये लिए और गुवाहाटी गया। केवल मैं ही नहीं था, जो गुवाहाटी गया था, 50 और विधायक थे। इस मुद्दे पर शिंदे और फडणवीस को संज्ञान लेना चाहिए, क्योंकि अगर आपका समर्थन करने पर आपके ही समर्थक विधायक की तरफ से ऐसे सवाल उठ रहे हैं, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

कडू ने दावा किया है कि इसके जरिए उनकी ही नहीं, बल्कि शिंदे और फडणवीस की छवि खराब की जा रही है। उन्होंने कहा, च्केवल मेरी छवि खराब नहीं हो रही है, लोग पूछेंगे कि सीएम और डिप्टी सीएम ने मुझे कितने रुपये दिए। 50 विधायक विकास के मुद्दे पर शिंदे के साथ जुड़े थे और यह सवाल उठाकर कि हमने जुड़ने के लिए रुपये लिए थे, वह इसपर सवाल उठा रहे हैं। इसपर स्पष्ट होना जरूरी है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो 1 नवंबर तक हम अलग फैसला लेंगे।

उन्होंने कहा कि 8 और विधायक आरोपों से दुखी हैं और सभी 1 नवंबर को फैसला लेंगे। कडू ने दावा किया कि वह इसे लेकर कोर्ट जाएंगे और शिंदे और फडणवीस को प्रतिवादी बनाएंगे।

### दोनों विधायकों में पुरानी है जंग

दोनों विधायकों के बीच तनाव नया नहीं है। कहा जाता है कि इसकी जड़ें अमरावती में वर्चस्व से जुड़ी हैं। खास बात है कि राणा की पत्नी नवनीत यहां से सांसद हैं। खबरें हैं कि सीएम भी दोनों विधायकों में सुलह की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अब तक इसे लेकर कोई सफलता नहीं मिली है।चीन के साथ सुधरेंगे संबंध? चीनी राजदूत ने खुद को बताया भारत का बड़ा प्रशंसक

बांग्लादेश में चीनी राजदूत ने कहा है कि वह व्यक्तिगत रूप से भारत के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। उन्हें लगता है कि भारत और चीन आर्थिक और भू-राजनीतिक मुद्दों को हल करने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं।



## युवराज का रिकॉर्ड तोड़कर आउट हुए रोहित, 39 बॉल में बनाए 53 रन

**सिडनी, एजेंसी।** टी-20 वर्ल्ड कप में आज भारत-नीदरलैंड का मैच खेला जा रहा है। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। भारतीय टीम के प्लेइंग इलेवन में कोई बदलाव नहीं है। अगर टीम इंडिया आज नीदरलैंड को हराती है तो ग्रुप-2 में नंबर-1 बन जाएगी। मैच पर पहले बारिश का साया था, लेकिन सिडनी में फिलहाल मौसम साफ है। 14 ओवर के बाद टीम इंडिया का स्कोर 106/2 है। सूर्यकुमार यादव और विराट कोहली क्रीज पर मौजूद हैं। पाकिस्तान के खिलाफ 4 रन बनाकर आउट हुए केएल राहुल नीदरलैंड के खिलाफ भी फ्लॉप रहे। तीसरे ओवर की चौथी गेंद मिडिल लेग पर फुलर थी। इसे राहुल फ्लिक करना चाहते थे, लेकिन अंदर आती गेंद को वो मिस कर गए। अंपायर ने तुरंत उंगलियां खड़ी कर दी। वो 12 बॉल में 9 रन बना पाए और उनका विकेट मीकेरेन ने लिया।

## नौकरी के बदले यौन शोषण केस 20 महिलाओं से मिला कनेक्शन

### अंडमान निकोबार में 2 अधिकारी निलंबित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** । अंडमान निकोबार के हाई प्रोफाइल सेक्स रैकेट के मामले में कई सनसनीखेज खुलासे हो रहे हैं। अंडमान के पूर्व मुख्य सचिव जितेंद्र नारायण और लेबर कमिश्नर आरएस ऋषि के खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले में एसआईटी जांच कर रही है। दरअसल 21 साल की एक युवती ने इस मामले में गंभीर आरोप लगाए थे, तब इस हाई प्रोफाइल सेक्स रैकेट के मामले में खुलासा हुआ था। पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) अब इसे 'जॉब फॉर सेक्स' का मामला मान रही है। फिलहाल अंडमान निकोबार प्रशासन ने दो अधिकारियों ने इस मामले में निलंबित कर दिया गया है।एसआईटी की जांच में खुलासा हुआ है कि इस मामले में अभी तक कई सबूतों को मिटा दिया गया है। साथ ही यह भी जानकारी मिली है कि बीते एक से दो साल की समय अवधि में 20 से अधिक महिलाओं को पोर्ट ब्लेयर स्थित पूर्व मुख्य सचिव जितेंद्र नारायण के घर लाया गया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इन सभी महिलाओं को यौन शोषण के बाद नौकरी दी गई है। इस मामले के खुलासे के बाद पूर्व मुख्य सचिव जितेंद्र नारायण 28 अक्टूबर को एसआईटी के सामने पेश हो सकते हैं।



खुद पीड़ित युवती ने एसआईटी को दिया सबूत

एसआईटी की जांच जब शुरू की गई तो एक 21 साल की पीड़ित युवती ने खुद तमाम सबूत जांच टीम को सौंपे हैं। प्रथम दृष्टया सभी सबूत सही होने की तरफ इशारा कर रहे हैं। दोनों अधिकारियों के कॉल डेटा रिकॉर्ड आपस में मैच हो रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मुख्य सचिव के घर में मौजूद ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज को सबूत मिटाने के उद्देश्य से पहले ही डिलीट कर दिया गया है।

## ट्रेन से कटे दो RPF जवान,आंखों पर लाइट पड़ी, दोनों संभल नहीं पाए

मुरैना, ईऐएस। मुरैना जिले के सांक रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आकर रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स के दो जवानों की मौत हो गई। हादसे के वक्त दोनों ड्यूटी पर थे और ट्रेन की शंटिंग चेक कर रहे थे। घटना के चश्मदीदों और जांच में सामने आया कि दो ट्रेनों के आमने-सामने एक साथ आ जाने से ऋक्कस्न जवान हादसे का शिकार हुए। सामने से आ रही ट्रेन की हेड लाइट उन पर पड़ी। तेज रोशनी से उनकी आंखें चुंधियां गईं। इतने में दिल्ली से चेन्नई जाने वाली ट्रेन 12270 दुरंतो एक्सप्रेस की चपेट में जवान आ गए। सामने आ रही ट्रेन की वजह से वे पीछे से आ रही ट्रेन की ओर ध्यान नहीं दे पाए।मारे गए हेड कॉन्स्टेबल के नाम अशोक कुमार भाटिया (55) और नवराज सिंह (40) हैं। दोनों क्क्के रहने वाले थे। हादसे को लेकर एक अन्य बात भी सामने आई कि पैसेंजर ट्रेन को चेक करने के बाद जब दोनों जवान ट्रैक पर पेट्रोलिंग कर रहे थे तो पीछे से आ रही दुरंतो एक्सप्रेस ट्रेन के इंजन में जवान अशोक भाटिया की राइफल फंस गई।



## ऋषि के पीएम बनते ही ब्रिटेन के प्रधानमंत्री आवास में जले दीये

**लंदन,एजेंसी।** ब्रिटेन के नए-नवेले प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को 10 डाउनिंग स्ट्रीट स्थित अपने सरकारी आवास से दिवाली की शुभकामनाएं दीं। भारतीय मूल के पहले प्रधानमंत्री सुनक ने दीवाली स्वागत समारोह में दीये भी जलाए। इस दौरान उन्होंने एक ऐसा ब्रिटेन बनाने की कसम खाई जहां च्हमारे बच्चे और पोते-पोतियां अपने दीये जला सकें। दिवाली समारोह की एक तस्वीर ट्वीट करते हुए उन्होंने कहा, 10 नंबर में आज रात के दिवाली रिसेप्शन में आकर बहुत अच्छा लगा। मैं एक ऐसा ब्रिटेन बनाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा जहां हमारे बच्चे और हमारे पोते-पोतियां अपने दीये जला सकें और भविष्य को आशा के साथ देख सकें। सभी को दीपावली की शुभकामनाएं! आपको बता दें कि कंजरवेटिव पार्टी के नए नेता चुने जाने के एक दिन बाद मंगलवार को किंग चार्ल्स ढ्ढढ्ढढ्ढ के साथ मुलाकात के बाद धर्मनिष्ठ हिंदू ऋषि सुनक ने औपचारिक रूप से ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला।ऋषि सुनक ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार को कुछ बहुत कठिन निर्णय लेने होंगे, लेकिन लोगों को आश्वासन दिया कि वह देश के गहन आर्थिक संकट से निपटने के दौरान करुणा भाव से कार्य करेंगे। ब्रिटेन के भारतीय मूल के पहले प्रधानमंत्री सुनक ने मंगलवार को अपनी पूर्ववर्ती लिज़ ट्रस की गलतियों को ठीक करने के संकल्प के साथ पदभार ग्रहण किया।

**सुनक ने दिवाली की शुभकामनाएं भी दीं**

### गया में मालगाड़ी हादसा

## घाटी से उतरते हुए ब्रेक फेल

**गया,ईएमएस।** गया-धनबाद रूट पर घाटी से उतरते समय एक मालगाड़ी का ब्रेक फेल हो गया। इससे मालगाड़ी की रफ्तार 150 किलरेमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई। गुरपा स्टेशन से पहले इसे स्लिप साइडिंग करके रोकने की कोशिश की गई। इस दौरान कपलिंग टूटने से उसकी 57 बोगियां पलट गईं। वहीं इंजन एक बोगी को लेकर दौड़ता रहा। हालांकि बोगी रगड़ खाने और स्लिप साइडिंग की वजह से 400 मीटर दूर जाकर इंजन भी रुक गया।

हादसा बुधवार सुबह 6 बजे अप लाइन में हुआ। रेल हादसे के बाद अप और डाउन लाइन पर रेल यातायात बाधित है। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। कई ट्रेनों को जहां-तहां खड़ा किया गया है। 10 से ज्यादा ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है।इस हादसे का लाइव वीडियो सामने आया है। इसमें इंजन 58 में से सिर्फ एक डिब्बे को लेकर तेजी से दौड़ता दिख रहा है। संभावित हादसे को टालने के लिए आनन-फानन में स्टेशन खाली कराया गया, जिससे वहां भगदड़ मच गई। रेलवे अफसरों ने मालगाड़ी को डिरेल करने की तैयारी भी कर ली थी। लेकिन जैसे ही इंजन और उसके पीछे की बोगी स्लिप साइडिंग के लिए दूसरी पटरी पर ले जाए गए, तेज रफ्तार की वजह से उसके पीछे की बोगियों का बैलेंस बिगड़ गया और 57 बोगियां पलट गईं। गुरपा स्टेशन से पहले 20 किलोमीटर का घाट सेक्शन पड़ता है। इसी दौरान मालगाड़ी का ब्रेक फेल हो गया। 58 डिब्बों वाली मालगाड़ी के 53 डिब्बों के परखच्चे उड़ गए।



**150 किलोमीटर की स्पीड में 57 बोगियां पलटीं**

# एकादशी पर भी अच्छे व्यवसाय की उम्मीद

## एकादशी के बाद से विवाह मुहूर्त भी शुरू हो जाएंगे

**कटनी।** दीपावली की तरह ही इस बार देवउठनी एकादशी अर्थात छोटी दिवाली में भी व्यापारियों को अच्छी ग्राहकी की उम्मीद है। एकादशी के बाद से विवाह मुहूर्त भी शुरू हो जाएंगे लिहाजा व्यवसाय अच्छा होने की पूरी संभावना है।



### तुलसी शलिग्राम विवाह

कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवउठनी एकादशी कहा जाता है। इस दिन तुलसी-शालिग्राम का विवाह होता है और मांगलिक कार्यों की शुरुआत होती है। देवउठनी एकादशी यानी देवोत्थान एकादशी इस साल 4 नवंबर को रहेगी। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की यह एकादशी तिथि 03 नवंबर 2022 की शाम 07 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगी। एकादशी तिथि का समापन 04 नवंबर की शाम 06 बजकर 08 मिनट पर होगी। उदया तिथि के अनुसार एकादशी का व्रत 04 नवंबर को रखा जाएगा। इस दिन कुछ विषय उपाय करने से विवाह में आने वाली सभी बाधाएं दूर हो सकती हैं। आइए जानते हैं कि वे उपाय कौन से हैं जो विवाह संबंधी बाधाएं दूर कर सकते हैं।

### मनपसंद जीवन साथी का मिलेगा

यदि आप अपना मनपसंद जीवनसाथी पाना चाहते हैं, तो इस दिन %? नमो भगवते नारायणाय' मंत्र का जप करते हुए तुलसी के पौधे में केसर मिश्रित ठंडा दूध अर्पित करें साथ ही भगवान शालिग्राम को भी केसर मिश्रित दूध का भोग लगाएं। यदि आपके जीवन में किसी भी प्रकार का संकट न आये, आपका जीवन बिना किसी रूकावट के चलता रहे, इसके लिए प्रबोधिनी एकादशी के दिन तुलसी के पौधे के नीचे घी का एक दीपक जलाएं। संभव हो तो गाय के घी का दीपक जलाएं और तुलसी के पौधे को प्रणाम करते हुए अपने अच्छे जीवन के लिये प्रार्थना करें। यदि आप अपने दाम्पत्य संबंधों को सुखमय और मधुर बनाना चाहते हैं, तो इस दिन तुलसी के पौधे में श्रृंगार का सामान चढ़ाकर उसकी पूजा करें और पूजा के बाद सभी सामग्री किसी सुहागिन महिला को भेंट कर देना चाहिए।

# भाई दूज पर बहनों ने सजाया भाई के माथे पर टीका



**कटनी।** भैया दूज कटनी में हर्षोल्लास से मनाया गया। भाई विशेष रूप से इस त्योहार को मनाने के लिए अपनी बहनों के यहां गए। बहनों ने भाई के हाथ पर कलावा बांधा और तिलक लगाकर का अभिनंदन किया। उन्हें तरह तरह के पकवान परोसे। उनकी लंबी आयु की कामना की। भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार दिए और आशीर्वाद दिया। पारिवारिक लोगों के मेल मिलाप से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा फैल रही थी।आज यानी कार्तिक शुक्ल द्वितीया तिथि को धर्मराज के दरबार में पाप और पुण्य का लेखा-जोखा रखने वाले, धर्म और अधर्म का हिसाब-किताब करने वाले भगवान चित्रगुप्त की पूजा है. साथ ही कार्तिक शुक्ल द्वितीया तिथि यानी आज ही जिले भर में भाई दूज का भी त्योहार मनाया जा रहा है। भाई दूज के मौके पर बहन भाइयों का स्वागत करती हैं, तिलक लगाती हैं और भोजन कराती हैं. साथ ही भाई के सुखी जीवन की प्रार्थना करती हैं। वहीं, कायस्थ समाज के लिए चित्रगुप्त पूजा एक विशेष अवसर है. इस दिन कायस्थ समाज के लोग चित्रगुप्त महाराज के साथ नए खाताबही, कलम, दवात का पूजन करते हैं.



# दीपावली पर दिया गौरक्षा का संदेश, गौशाला पहुंच कर गौ सेवकों को खिलाई मिठाई

**कटनी,यशभारत।** दिवाली के अवसर पर कटनी जिले में हर जगह जगमगाहट और उत्साह दिखाई दिया और बहुत से समाज सेवी जरूरतमंद लोगों की मदद करते और खुशियां बांटते दिखाई दिए वहीं गौ सेवा में तत्पर एक ओर गौ सेविका अमिता श्रीवास ने गौशाला में कार्यरत लोगों के बच्चो को मिठाइयाँ, खिलौने ओर पटाखे बाँटे। साथ ही अपने निवास में गौरक्षा का संदेश देती रंगोली बनाई। अमिता श्रीवास ने बताया कि जिस तरह कोरोना काल मे जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और आम जनता लोगों की मदद करते दिखाई दिया उसी तरह लोगों को जागरुक करने के लिए लंपी रोग से ग्रसित गौ माता की रांगोली बनाते हुए गौ माता की सेवा के लिए किया जागरूक।

# दीपदान कर मनाया गया दीपोत्सव

## संधु नौजवान मण्डल द्वारा दीपावली पर दीपदान महोत्सव

**कटनी,यशभारत।** सिंधी समाज कीअग्रणी संस्था सिंधु नौजवान मण्डल द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली के पावन उपलक्ष्य पर दीपदान महोत्सव का आयोजन नव निर्माणाधीन भवन सरस्वती स्कूल के पास, नई बस्ती में किया गया जिसमें धर्मप्रेमी जनता ने सम्मिलित होकर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रथम क्रम में इष्ट देव श्री झूलेलाल जी की आरती कर कार्यक्रम का आगाज किया गया जिसके पश्चात् भजन संध्या की शानदार प्रस्तुतियों ने समा बांधने का काम किया।



इस अवसर पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सुरी, सिंधु सेवा समिति अध्यक्ष राजकुमार नानकानी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी,डॉ. राजकुमार नागवानी, डॉ. बी. आर. पंजवानी,चंद्रभान रोहरा,दवा विक्रेता संघ अध्यक्ष चंद्रलाल जादवानी, वरूण महिला मंडल से श्रीमती मोना पुरस्वानी, सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया महिला शाखा से श्रीमती नीलम जगवानी, गौरव संजीव सूरी,जगदीश आहूजा वरुण संस्था से राजकुमार रोहरा, हीरानंद सहजवानी,राजकुमार चेलानी,सिंधी भावर ग्रुप से अमरलाल पंजवानी, रोशन सचदेव, सिंधु नौजवान मंडल से विजय रोहरा, नंदलाल बसरानी, मनोहरलाल गलानी, ईश्वर वाधवानी, अमर पुरूस्वानी, अशोक चेलानी, रवि पृथ्यानी, जयकुमार रामसिंघानी, दिलीप रोहरा संजय जीवनानी, राकेश चांदवानी, टेकचंद साहनी, मनीष कलवानी, बृजलाल केवलानी, नारायण दास पेसवानी, दीपक भागवानी, राम तखतानी, सुरेश बसरानी, संतोष सचदेव, मंटू सुंदरानी, रवि टोपलानी, राजा चेलानी, विजय मुलचंदानी, नारायण दास पंजवानी, महेश पंजवानी, शंकर चीजवानी, मनीष जीवनानी,अमर जादवानी विजय जीवनानी आदि सदस्य परिवार सहित सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के अंत में मंडल अध्यक्ष राजकुमार जीवनानी, सचिव श्रीचंद्र तनवानी, पदाधिकारी राजकुमार पोहानी, विजय हिंदूजा, सुरेश चावला, सुनील पृथ्यानी,अशोक आहूजा ने मिलकर इष्टदेव श्री झूलेलाल से विश्व कल्याण की अरदास करने के साथ समस्त नगर वासियों को दीपावली की शुभकामनाएं प्रदान की।

# मार्ग अवरोधक न होने से हो रही दुर्घटना

**कटनी।** दमोह से कटनी प्रमुख मार्ग पर कई स्थानों में इस मार्ग पर गति अवरोधक न होने के कारण आए दिन एक्सीडेंट हो रहे हैं। लोगों ने बताया कि चारों दिशाओं से बांदकपुर मंदिर में विराजमान जागेश्वर नाथ के दर्शन करने भक्तों का आना जाना रहता है। दमोह कटनी प्रमुख मार्ग होने से बड़े वाहन तेज गति से निकलते हैं, जिससे निरंतर दुर्घटनाएं होती रहती हैं, स्पीड ब्रेकर न होने के कारण अनेक बार एक्सीडेंट हो चुके हैं। कई बार रोड बनाने वाली कंपनी को भी अवगत कराया गया है। बावजूद इसके गति अवरोधक नहीं बनाए गए हैं। जिससे किसी दिन बड़ी दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

# किसान मोर्चा की अग्रणी भूमिका




**कटनी,यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में भाजपा किसान मोर्चा की जिला कार्यसमिति की बैठक भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी के मुख्य आतिथ्य एवं नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सोनी टंडन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष कन्हैया तिवारी के स्वागत भाषण के पश्चात भाजपा जिला अध्यक्ष कटनी दीपक टंडन का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ। नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता जमीनी स्तर से जुड़े रहकर कार्य कर रहे है, सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुँचा रहे है ये एक सराहनीय कदम है। उन्होंने हर एक कार्यकर्ताओ को जनता की सेवा करने के लिए पूरा जोर लगाने एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के मार्गदर्शन में चल रहे पार्टी के कार्यक्रमों में किसान मोर्चा को अग्रणी भूमिका निभाने का आग्रह किया। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी ने भी अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के लिए जो योजना बना रहे है उसे सभी किसानों तक पहुचाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसान हितैसी योजना बनाये है। इसी के तहत 16 हजार करोड़ की राशि किसानों के खातों में पहुँचाई गई है। प्रदेशाध्यक्ष ने प्राकृतिक खेती के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि साथ ही किसान मोर्चा के पदाधिकारियों को किसान हितैषी जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करना है। किसान मोर्चा के प्रत्येक पदाधिकारी को गौ आधारित प्राकृतिक खेती को जन आंदोलन का रूप देने के लिए कृतसंकल्प हो जाना है। किसान मोर्चा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में किसान रथ के साथ पदयात्रा निकालेंगा। देश के सभी किसानों को प्राकतिक खेती की तरफ ले जाना है। उन्होंने अभी 70 हजार एकर में प्राकृतिक खेती का लक्ष्य रखा है। बैठक में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष कन्हैया तिवारी, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुभाष पटेल, बंटी पालीवाल, पूर्व सदस्य राम निवास गौतम, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष उदयभान सिंह , रेवा शर्मा, मोर्चे के महामंत्री अवध प्यासी, सुनील जयरत्नम, मंत्री इंद्र मिश्रा, किसान मोर्चा मीडिया प्रभारी दीपक गौतम, सोशल मीडिया प्रभारी शिवकुमार चक्रवर्ती, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनीष त्रिसोलिया, सचिन विश्वकर्मा, दिनेश भदौरिया, जित्तू पटेल सहित सभी मंडल अध्यक्ष की उपस्तिथि रही।

# 52 फीसद हितग्राहियों का ई-केवाईसी अपडेट, राशन की कालाबाजारी रोकने के लिए चलाया जा रहा अभियान, वास्तविक हकदार ही पात्र

## 44 फीसदी परिवारों के डाटाबेस में मोबाइल नंबर दर्ज कर लिया गया

**कटनी,यशभारत। राशन की कालाबाजारी रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान में अब तक जिले के 52 प्रतिशत हितग्राहियों का ई-केवाईसी और 44 फीसदी परिवारों के डाटाबेस में मोबाइल नंबर दर्ज कर लिया गया है। जिले में 2 लाख 12 हजार 613 राशन कार्ड धारियों के 8 लाख 64 हजार 27 सदस्य हैं। इनमें से 4 लाख 47 हजार 330 का ई-केवाईसी हो गया है। जबकि 93 हजार 406 कार्ड धारको के डाटा बेस में मोबाइल नंबर दर्ज कर लिया गया है। अभियान 30 नवंबर तक चलाया जाएगा। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर कालाबाजारी को रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिला खाद्य अधिकारी बालेन्द्र शुक्ला ने बताया कि ई-केवाईसी और मोबाइल नंबर दर्ज होने से वास्तविक पात्र हितग्राहियों की पहचान हो सकेगी।**



पात्र हकदार के अनुसार सामग्री दी जा सकेगी। साथ ही किसी भी उचित मूल्य दुकान से राशन प्राप्त करने में सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि वृद्ध, शारीरिक रूप से अक्षम, दिव्यांग, महिलाओं, बच्चों का ई-केवाईसी उचित मूल्य दुकान के विक्रेता की ओर से घर पर जाकर किया जाएगा। इसके अलावा पात्र हितग्राहियों के ई-केवाईसी करने की सुविधा उचित मूल्य दुकानों पर लगाई गई पीओएस मशीन से निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

उचित मूल्य दुकान पर हितग्राही अपना आधार कार्ड ले जाकर कार्य दिवस में ई-केवाईसी करवा सकते हैं। डाटाबेस में हितग्राही का गलत आधार नंबर दर्ज होने पर सही आधार नंबर दर्ज कर ई-केवाईसी कराई जाएगी। पात्र हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकान से राशन सामग्री देने की जानकारी एसएमएस के माध्यम से देने के लिए परिवार के एक सदस्य का मोबाइल नंबर डाटाबेस दर्ज कराया जा रहा है। मोबाइल नंबर भी पीओएस मशीन से ही दर्ज कराया जा सकेगा।

नोडल अधिकारी और विक्रेता का प्रशिक्षण संबंधित कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा दिया जाएगा। ई-केवाईसी और मोबाइल नंबर दर्ज करने का कार्य दुकान के विक्रेता द्वारा 28 अक्टूबर से 25 नवंबर तक, ई-केवाईसी का अनुमोदन और मौके पर सत्यापन का कार्य 30 अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच किया जाएगा।

**सिटी मॉल बरही रोड में**
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 5 शो ता. 25 से
सुबह 10.30, 1.15, 4,7 एवं रात्रि 10.15 बजे से




**रामसेतु**
कलाकार- अक्षय कुमार, जैकलीन फर्नांडिस, नुसरत भरूचा, सत्यदेव आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**
केवल चार दिनों के लिए
रोजाना 4 शो ता. 21 से
दोपहर 1. 4, 7 एवं रात्रि 10 बजे से




**ब्लैक एडम (हिन्दी में)**
कलाकार- डवेन जान्शन, जेनिफर हालेंड, सारा आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 25 से
दोपहर 12.45, 3, 5.15, एवं सायं 7.30 बजे से



**थैंक गॉड**
कलाकार- सिद्धार्थ मल्होत्रा, अजय देवगन, रकुलप्रीत सिंह, विक्रम कोचर आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**नीरज सिनेप्लेक्स में**




ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 25 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
**रामसेतु**
कलाकार- अक्षय कुमार, जैकलीन फर्नांडिस, नुसरत भरूचा, सत्यदेव आदि।
टिकट दर बालकनी क्लास- 100/- बॉक्स- 120/- लोवर क्लास-50/- अपर क्लास-80/-

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, गुरूवार, 27 अक्टूबर 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# शहर में बढ़ रहा मलेरिया व डेंगू का प्रकोप, रोकथाम के नहीं हो रहे उपाय

## दीवाली के दिन आधारकाप में एक व्यक्ति की डेंगू से मौत के बाद लोगों में दहशत



**कटनी, यशभारत। शहर में मलेलिया और डेंगू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। हर दिन इस बीमारी की चपेट में आने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। जिला चिकित्सालय के साथ ही प्राईवेट अस्पतालों में मरीजों की कतार लगी हुई है, इसके बावजूद न तो स्वास्थ्य विभाग इसकी रोकथाम की ओर ध्यान दे रहा है और न ही नगर निगम प्रशासन। डेंगू के प्रकोप के चलते कई लोग इसके शिकार भी हो रहे हैं।**

### स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की लचर कार्यप्रणाली से लोगों में रोष

ताजा मामला नगर निगम सीमा के अंतर्गत आधारकाप का सामने आया है, जहां दीपावली के दिन एक व्यक्ति की डेंगू के चलते मौत हो गई। इस घटना से पूरी कॉलोनी के लोग दहशत में है। लोगों ने बताया कि नगर निगम प्रशासन को कईयों बार आधारकाप क्षेत्र में फॉगिंग मशीन से धुआं, नालियों की सफाई और खाली प्लाटों में भरे पानी को अलग करने के लिए कहा जाता रहा लेकिन इसके बाजवूद नगर निगम के अधिकारियों ने गंभीरता नहीं दिखाई, जिसकी वजह से कॉलोनी में रहने वाले एक व्यक्ति को डेंगू हो गया और दीपावली के दिन 24 अक्टूबर को उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद भी नगर निगम प्रशासन गहरी निद्रा से नहीं जागा। अभी तक न तो नालियों की सफाई कराई गई और न ही फॉगिंग मशीन से धुआं किया जा रहा है, जिससे कॉलोनी के लोगों में दहशत के साथ ही नगर निगम प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली के प्रति रोष व्याप्त है।

### कटनी में नहीं सुधरी हालत तो जबलपुर किया रिफर

क्षेत्र के लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि आधारकाप में रहने वाले 52 वर्षीय रविन्द्र राय की दीपावली के करीब एक सप्ताह पहले अचानक तबियत बिगड़ गई। परिवार के लोगों ने उन्हें नई बस्ती स्थित डॉ. ब्रम्हा जसूजा के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां तीन-चार दिन तक उनका इलाज चलता रहा। तबियत में सुधार नहीं होने के बाद उन्हें यहां से जबलपुर रिफर कर दिया गया। परिवार के लोगों ने मेट्रो हॉस्पिटल जबलपुर में भर्ती किया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की कोशिश की लेकिन 24 अक्टूबर की सुबह उनकी मौत हो गई। डेंगू से मौत की खबर मिलते ही पूरी कॉलोनी में सन्नाटा पसर गया। दीपावली के दिन हुई इस घटना से आसपड़ोस के लोगों में शोक व्याप्त हो गया। पर्व की खुशियां मातम में बदल गई। अचानक हुई इस घटना के बाद कॉलोनी में दो दिनों तक कई घरों दीपक तक नहीं जले। लोगों में इस बात को लेकर भी खासा रोष है कि नगर निगम प्रशासन को काफी समय पहले सूचित किए जाने के बाद भी आधारकाप में डेंगू और मलेरिया से रोकथाम के लिए कोई उपाय नहीं किए गए। जिसका नतीजा यह हुआ कि एक व्यक्ति की मौत हो गई। लोगों ने यह भी बताया कि जिस घर में यह घटना हुई, उसके अगल-बगल में खाली प्लाटों में आज भी बदबूदार पानी भरा हुआ है।

### इनका कहना है

आधारकाप में डेंगू से एक व्यक्ति की मौत की जानकारी नहीं मिली है। मलेरिया और डेंगू की रोकथाम के लिए समुचित उपाय किए जा रहे हैं।

**-डॉ. पी के मुढ़िया**
**सीएमएचओ**

स्वास्थ्य अमला अलर्ट है। ओपीडी में आने वाले सभी रोगियों का इलाज किया जा रहा है व उन्हें आवश्यक परामर्श दिया जा रहा है।

**-डॉ. यशवंत वर्मा,**
**सिविल सर्जन**

### महीनों से नहीं हुई नालियों की सफाई, खाली प्लाटों में भरा बदबूदार पानी, पनप रहे मच्छर

आधारकाप के नागरिकों ने बताया कि यहां नियमित रूप से साफ सफाई के अभाव में मच्छरजनित बीमारियों का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। नालियों की सफाई नहीं होने से नालियां चोक हो गई हैं। इसमे मलमा जमा हुआ है, इसके अलावा यहां कई खाली प्लाटों में बरसाती पानी भरा हुआ है। बरसाती पानी की वजह से प्लाटों में न केवल गंदगी है, बल्कि मच्छर पनप रहे हैं। यही कारण है कि पूरे आधारकाप क्षेत्र में मच्छरों के प्रकोप के चलते डेंगू और मलेरिया पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। नगर निगम प्रशासन द्वारा बरसात के मौसम में हर साल खाली प्लाटों में पानी भरने पर कार्रवाई की बात कही जाती है, लेकिन जब कार्रवाई की बात आती है तो कर्मचारी अपनी जेबें गर्म करते हुए नजर आते हैं।



आधारकाप में खाली प्लाट में भरे बदबूदार पानी में पनपते मच्छर।



## किसी ने बनाई रंगोली तो किसी ने सजाया कलश

### सेक्रेड हार्ट स्कूल में दीपोत्सव पर्व पर रंगोली, कलश सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन

**कटनी, यशभारत।** सेक्रेड हार्ट इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सह पाठयक्रम गतिविधियों के अंतर्गत शाला प्राचार्य अभिषेक बैनर्जी के निर्देशन व कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती प्रभा पाथल के मार्गदर्शन में कक्षा नवमी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए रंगोली बनाओ प्रतियोगिता, कक्षा सातवीं, आठवीं के विद्यार्थियों के लिए कलश सजाओ प्रतियोगिता, कक्षा पांचवी-छठवीं के लिए पूजन थाली सजाओ प्रतियोगिता, कक्षा तीसरी व चौथी के लिए लैंप लाइट सजाओ प्रतियोगिता व कक्षा पहली व दूसरी के नन्हे.मुन्ने विद्यार्थियों के लिए दीया सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में उत्साह के साथ भाग लेते हुए अलग-अलग प्रतियोगिताओं हेतु प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। आकर्षक रंगोली व कलात्मक कलश सज्जा ने सभी का मन मोह लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के निर्णायकों में श्रीमती शालिनी गुप्ता, श्रीमती किट्टी सोनी, श्रीमती स्वाति पाठक प्रमुख रही। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के एम गट्टानी, समिति सचिव रामहित सोनी, श्रीकांत गट्टानी, अभिषेक गुप्ता की उपस्थिति रही। दीपोत्सव के अवसर पर सुनील मिश्रा द्वारा इस अवसर पर विद्यार्थियों को दीपावली क्यों मनाई जाती है कितने दिवसीय उत्सव है व इस त्यौहार को किस तरह मनाया जाना चाहिए के संदर्भ में रोचक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती प्रभा पाथल ने अभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनील मिश्रा, दीपक उपाध्याय, असित यादव, श्रीमती मोनिका बर्मन, प्रदीप शर्मा, श्रीमती अंजलि गौतम, श्वेता गौतम, श्रीमती रिया मनोचा दीपक खंपरिया, आर एम यादव, पवन तिवारी, लेखराम पांडे, श्रीमती संगीता जैन, श्रीमती महिमा जैन का सहयोग रहा।

## दीवाली पर खम्हरिया में यदुवंशियों ने निकाली भव्य शोभायात्रा, गौरैया बाबा का पूजन

### वर्षो से चली आ रही परंपरा का किया निर्वहन



**रीठी, यशभारत।** रीठी जनपद के ग्राम खम्हरिया नंबर एक में दीपावली पर्व के अवसर पर प्रतिपदा के दिन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम के यादव समाज व ग्रामवासियों द्वारा गायों को बिचकाने की परंपरा आज भी जीवित है व सभी ग्रामवासियों द्वारा खेरापति गोरैया बाबा की पूजन कर सभी के अच्छे के लिए प्रार्थना करते हुए ग्वालों द्वारा वर्षों चली आ रही परम्परा को निर्वहन करते हुए दीवारी नृत्य अपने क्षेत्रीय भाषा व राग के रंग में नृत्य कर सभी का मन मोहा। विशाल शोभायात्रा में समस्त ग्रामवासियों के साथ आसपास के ग्रामीण इलाकों के लोग देखने पहुंचे। यह शोभायात्रा गोरैया बाबा से ग्राम का भ्रमण करते हुए बाबा हरिदास के बंगले से होकर ठाकुर बाबा के दरबार में समापन हुई। कार्यक्रम में धनीराम यादव, रामभगत यादव, गजराज यादव, रामविशाल यादव, अमृत लाल यादव, मूलचंद यादव, अर्जुन यादव, भगवत यादव, प्रहलाद यादव, बिरजू यादव, निर्भय यादव, शरद यादव, लखन यादव, पुरुषोत्तम यादव के साथ समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

## मझगवां में मनाया जाएगा छठी महामहोत्सव एवं हनुमान जी का जन्मोत्सव

### सियाशरण दास महाराज के सानिध्य में होंगे आयोजन



कटनी, यशभारत। अनंत विभूषित श्री सद्गुरू स्वामी श्री हर्षण देव महाराज जू के परम स्नेही कृपा पात्र शिष्य पूज्य गुरूदेव सियाशरण दास महाराज के सानिध्य में ग्राम मझगवां स्थित श्री काशी पति विश्वनाथ धाम में छठी महामहोत्सव का आयोजन किया जाएगा। सियाशरण समिति के सदस्यों ने बताया कि हनुमान जी के जन्मोत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, जिसमें भक्त उत्सव में पहुंचकर पुण्यलाभ अर्जित करेंगे।

## सामूहिक अभिषेक, शांतिधारा एवं छत्र चढ़ाकर मनाया महोत्सव

### पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में आयोजन



**कटनी, यशभारत।** पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर हाउसिंग बोर्ड में 1008 भगवान महावीर के निर्वाण महोत्सव पर सामूहिक अभिषेक, शान्तीधारा, पूजन एवं लाडू चढ़ाये गये। प्रथम अभिषेक का पुण्य रिन्की सागर ने अर्जित किया। शांतीधारा महेश रोडवेज, रविन्द्र जैन एवं अमीष रिन्की जैन को, सागर छत्र चढ़ाने का संतोष कुमार, शैलेन्द्र कुमार झिंझरी, लाडू चढ़ाने का सतीश सरावगी, पीयूष, वन्दना सरावगी ने पुण्य अर्जित किया। कार्यक्रम में डॉ. अरविंद सिंघई, शिखर चन्द जैन, सुधीर जैन, कैलाश जैन सोगानी, योगेश जैन, सुधीर पप्पू, संदीप, संजीव, मुकेश, कोशल, दिलीप जैन, नितिन जैन, विपुल जैन मिर्जापुर, विकास जैन जेतवारा, मुन्नी लाल, राकेश उमंग, रोहित, प्रमोद हथकुरी, अनिकेत, अनुज, शैलेन्द्र, योगाशं, नितेश, अलका जैन, सीमा जैन सोगानी, कल्पना जैन, उषा रानी जैन, नीलम जैन, सुजाता, अनीता उमंग, अनीता, सारिका, सुनीता जैन, जयश्री जैन, तारा जैन, सरोज रानी जैन, शिल्पा जैन, रश्मी समदड़िया, अनीता, शोभा जैन, दीक्षा, आरती जैन, संजूलता सोगानी, भारती बाझल, कविता जैन, राजकुमारी जैन, रेशू जैन, रूबी जैन, संध्या जैन, संगीता जैन, सीमा जैन, सरिता जैन, प्रियंका जैन, विभा जैन, सुमी जैन, वन्दना मिर्जापुर, स्वाती जैन, कीर्ति जैन एवं झिंझरी, मित्तल कालोनी, नगर सुधार न्यास कालोनी, समदड़िया कालोनी, डन कालोनी, बरगंवा, द्वारका सिटी एवं समस्त हाउसिंग बोर्ड कालोनी जैन श्रावक श्रेष्ठीगण ने उपस्थिति देकर महावीर भगवान का निर्वाण महोत्सव का धर्मलाभ प्राप्त किया।



## सार्थक दीवाली के 8 वर्ष पूर्ण, पटाखे मिठाइयां वितरत कर बांटी खुशियां

**कटनी, यशभारत।** कटनी में दिवाली पर खुशियां बांटते हुए युवा कांग्रेस की सार्थक दीपावली की मुहिम को 8 वर्ष पूर्ण हो चुके है। जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष अंशु मिश्रा ने बताया कि 2014 से लगातार लिटिल स्टार चिल्ड्रेन होम के देवदूत बच्चों के बीच जाकर उन्हें बम, फटाके, मिठाइयां बांटकर दिवाली की खुशियां बांटी जाती है, जहां उन्होंने बच्चों की दैनिक क्रियाकलापों, शैक्षणिक गतिविधियों, नृत्य, संगीत, हॉर्स राइडिंग, मार्शल आर्ट आदि की जानकारी भी ली गई एवं समस्त साथियों के बच्चों के साथ भोजन भी किया। बच्चों में छिपी असीमित प्रतिभाओं को देखकर युवा कांग्रेस के साथी प्रभावित हुए। अंशु मिश्रा ने बताया कि समय-समय पर विभिन्न आयोजन किए जाते है और यह अनवरत जारी रहेंगे। इस अवसर पर मोहम्मद इसराइल, शुभम मिश्रा, अजय खटीक, शुभम शर्मा, अर्जित खरे, राहुल यादव, अभय तिवारी, आशु दुबे सहित अन्य उपस्थित रहे।

## अग्रसेन महाराज की महाआरती का आयोजन 30 अक्टूबर को



**कटनी, यशभारत।** दीपावली के पावन पर्व पर असंख्य दीपोत्सव एवं महाराजा श्री अग्रसेन जी की महाआरती का भव्य आयोजन 30 अक्टूबर की शाम 6 बजे अग्रसेन उद्यान घंटाघर में आयोजित किया गया है। महा आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। मप्र अग्रवाल महासभा जिला इकाई कटनी, मप्र अग्रवाल महिला महासभा, मप्र अग्रवाल युवा महासभा, अग्रवाल समाज, अग्रवाल पंच परिषद, अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल ने सभी अग्र बंधुओं से अग्रसेन उद्यान घंटाघर में कार्यक्रमों में पहुंचने का आग्रह किया है।

## जैन मंदिरों में धूमधाम से मना भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव



निर्वाण लाडू चढ़ाकर पुण्यलाभ अर्जित किया श्रद्धालुओं ने

**कटनी, यशभारत।** नगर के सभी जैन मंदिरों में 24वे तीर्थंकर भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव अपार उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर धर्मानुरागी बंधुओं, माताओं, बहनों ने निर्वाण लाडू चढ़ाकर पुण्यलाभ अर्जित किया। इस अवसर पर श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर, श्री 1008 शांतिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर रुंगटा कालोनी, श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन कांच मंदिर, श्री 1008 चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन सिंघई मंदिर, श्री 1008 मुनिसुव्रत दिगम्बर जैन मंदिर, श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर हाउसिंग बोर्ड कालोनी, श्री 1008 चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन चौत्यालय चौधरी मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संजय जैन, डॉ. संदीप जैन, मनीष जैन, पंचम जैन, अजित सिंघई, मोनू जैन, दीपू जैन, राजेश जैन, सुकमाल जैन, मनोज जैन ललन, अनिल कटारे, शैलेन्द्र जैन कंजे, प्रवीण सिंघई, डॉ. अरविंद जैन, डॉ. शिखर जैन, के के जैन, डॉ. अखिलेश जैन, शरद सरावगी, संजय सिंघई, सुभाष जैन, विजय वैद्य, अनिल जैन, सुकीर्ति जैन, मिट्ठूलाल जैन, मनोज जैन, सरत जैन, राकेश जैन, डॉ. विनय जैन, अखिलेश जैन, कैलाश जैन सौगानी, विजय कुमार विश्व, प्रमोद जैन, सतीश जैन, विमल जैन, विजू जैन, अनिल जैन आदि उपस्थित रहे।

### भगवान जन्मते, नहीं अपने पुरुषार्थ से बनते

विद्वान संतोष शास्त्री ने चर्चा करते हुए बताया कि जैन धर्म सनातन धर्म है, जो व्यक्ति परक नही वस्तु परक धर्म है। भगवान जन्मते नहीं अपने पुरुषार्थ से बनते है। भगवान महावीर ने भगवान बनने का पुरुषार्थ दसभव पूर्व शेर की पर्याप में प्रारंभ किया था, जो निर्वाण होने पर मोक्ष प्राप्ति से पूर्ण हुआ और वे अनंत दर्शन अनंत ज्ञान और अनंत सुख की पूर्णता की अभूति सादि अनंत काल तक बनी रहेगी। ऐसा मोक्षकल्याणक आज से लगभग 2549 वर्ष पूर्व अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर का निर्वाण बिहार प्रांत के पाबापुर में हुआ था। इस उत्सव को देवों ने मनाया था।

cello सेलो फर्नीचर
एकमात्र अधिकृत वितरक



Auth. Distributor-Cello, Natasha Almirah
Almirah, Molded Furniture
विश्वकर्मा फर्नीचर
विश्वकर्मा मार्केट, मधई मंदिर रोड कटनी, फोन- 230557, मो. 9826082251
Email-gopivishwakarma@gmail.com

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस,
बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड
बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

mgm HOSPITAL
कटनी की पहली और एकमात्र
एम.आर.आई. जाँच सेंटर
एमजीएम हॉस्पिटल में अब सीटी स्कैन के साथ, एमआरआई जाँच की सुविधा उपलब्ध है।
24X7 HELPLINE NUMBER 07622-405070
एम.जी.एम. हॉस्पिटल, कटनी (म.प्र.)
Web- www.mgmhospitalkatni.com, email- info@mgmhospitalkatni.com

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Mittal MALL
Paytm
bookmyshow

From 25th October 2022

Cineworldz Cinema Katni by CMW..
Schedule for the 25.10.2022 to 03.11.2022

| AUDI - 1 | SHOW | RATE |
|---|---|---|
| RAM SETU | 10:30AM | 110-140-170-200 |
| RAM SETU | 01:15PM | 120-150-180-300 |
| RAM SETU | 04:00PM | 120-150-180-300 |
| RAM SETU | 06:45PM | 120-150-180-300 |
| RAM SETU | 09:30PM | 120-150-180-300 |
| AUDI - 2 | SHOW | |
| THANK GOD | 09:30AM | 110-140-170-200 |
| THANK GOD | 12:00PM | 120-150-180-300 |
| THANK GOD | 03:00PM | 120-150-180-300 |
| RAM SETU | 06:00PM | 120-150-180-300 |
| THANK GOD | 09:00PM | 120-150-180-300 |
| AUDI - 3 | SHOW | |
| KANTARA | 09:30AM | 110-140-170 |
| HAR HAR MAHADEV | 12:30PM | 120-150-180 |
| HAR HAR MAHADEV | 03:30PM | 120-150-180 |
| THANK GOD | 06:30PM | 120-150-180 |
| RAM SETU | 10:00PM | 120-150-180 |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830



## संपादकीय

### भड़काऊ बयानबाजी पर सुको की तल्खी

सुप्रीम अदालत ने सख्त टिप्पणी में कहा कि नफरत फैलाने वाले बयानों और भाषणों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। कई राज्यों में सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने वाले बयान आने के बाद सुप्रीम अदालत ने संबंधित राज्यों की पुलिस को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये थे। इस मामले में जरूरी कार्रवाई न होने के बाद कोर्ट ने प्रशासन को चेताया है कि यदि प्रशासन ऐसे मामलों में सख्ती नहीं दिखाता है तो उसके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई होगी। दरअसल, कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड पुलिस को इस बाबत कार्रवाई करने के लिये नोटिस भी भेजे थे। हाल ही में एक सभा में संप्रदाय विशेष के लोगों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप दिल्ली के भाजपा सांसद पर लगे थे। इसे अल्पसंख्यकों को निशाने पर लेने तथा भयभीत करने वाला बयान बताते हुए इसके बाबत अदालत में याचिका दायर की गई थी, जिसके आलोक में कोर्ट ने हालिया टिप्पणी की थी। इससे पहले कई राज्यों में आयोजित धर्म संसदों में भी जहरीले बोल सामने आये थे, जिसकी देश ही नहीं बल्कि कई अन्य देशों में भी तीखी प्रतिक्रिया हुई थी। इस पर अदालत ने इन राज्यों की पुलिस से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा था। अदालत का कहना था कि पुलिस प्रशासन ऐसे मामलों में किसी रिपोर्ट लिखवाने का इंतजार करे बिना स्वत~ संज्ञान लेते हुए तुरंत कार्रवाई करे। कहने की बात नहीं कि ऐसे भड़काऊ बयानों से सामाजिक समरसता को आंच आती है। समाज में नफरत बढ़ने से टकराव की स्थिति पैदा होती है। विडंबना यह कि जिन राजनीतिक दलों को इन बयानों से लाभ होता नजर आता है उनकी तरफ से भी ऐसे तत्वों के खिलाफ कोई कार्रवाई होती नजर नहीं आती, जिससे ऐसे नकारात्मक सोच वाले तत्वों के हौसले बुलंद होते हैं। ऐसा भी नहीं है कि ऐसे बयान बहुसंख्यक समाज के धार्मिक व राजनीतिक नेताओं की तरफ से ही आते हैं। अल्पसंख्यकों के नेतृत्व का दावा करने वाले कुछ राजनेता भी जब-तब भड़काऊ बयान देते हैं जिसके जरिये वे वोटों का अपने पक्ष में ध्रुवीकरण करने का प्रयास करते हैं। सवाल यह है कि ऐसे बयानवीरों के खिलाफ पुलिस तुरंत कार्रवाई क्यों नहीं करती। जिसकी वजह से छुटभैया नेताओं के हौसले बढ़ते हैं। इतना ही नहीं, पुलिस-प्रशासन की उदासीनता के चलते कुछ न्यूज चैनल भी गाहे-बगाहे उत्तेजक बहस अपने प्राइम टाइम में आयोजित करते दिखते हैं। जिससे संयम खोने वाले नेता ऐसे बयान दे जाते हैं कि पूरे देश में कड़वाहट घुल जाती है। पिछले दिनों एक सत्तारूढ़ दल की एक महिला प्रवक्ता के बयान के बाद भारत पूरी दुनिया में बचाव की मुद्रा में नजर आया और सफाई देने को मजबूर होना पड़ा था। धर्मनिरपेक्ष स्वरूप को ठेस पहुंचाने से रोकने वाले तमाम कानूनी प्रावधान होने के बावजूद पुलिस-प्रशासन आखिर कार्रवाई करने में क्यों चूकते हैं? कोर्ट स्पष्ट कर चुकी है कि इसकी जवाबदेही शीर्ष अधिकारियों की बनती है। पिछली रामनवमी पर हुई हिंसा के बाद समय रहते कार्रवाई न होने पर ये घटनाएं कालांतर कई राज्यों में फैल गई थीं। इस मामले में भी शीर्ष अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की बात कही गई थी। निस्संदेह ऐसी घटनाओं से भारत की सहिष्णुता की छवि को आंच आती है। विडंबना यह है कि आज हम उस दौर में आ गए हैं कि समाज का नेतृत्व करने वाला वर्ग ऐसी घटनाओं के होने पर शांति के लिये रचनात्मक भूमिका का निर्वहन नहीं करता। पहले जिम्मेदार लोग शांति व्यवस्था बनाने के लिये आगे आते थे। इन घटनाओं में वार्ड व सेक्टर स्तर पर बनी शांति समितियां महत्वपूर्ण भूमिका पुलिस प्रशासन के सहयोग से निभाती थीं। अधिकारों के साथ ही संविधान ने हमें कुछ कर्तव्यों के निर्वहन का दायित्व भी सौंपा है। ये हमारी जिम्मेदारी भी है कि समाज में अमन का माहौल बने और भड़काऊ बयानबाजी पर लगाम लगे।

# भाई –बहन के प्यार, जुड़ाव और एकजुटता का त्योहार भाई दूज

**हमारे देश में हर महिला भाई दूज को अपने भाई के लिए अपना समर्थन और करुणा प्रदर्शित करने के लिए मनाती है। इस दिन सभी बहनें भगवान से अपने भाई के जीवन की खुशियों की कामना करती हैं। यह व्यापक रूप से माना जाता है क्योंकि यमुना को अपने भाई यमराज से यह वादा मिला था कि भाई दूज मनाने से ही यमराज के डर से छुटकारा मिल सकता है और यहां तक कि भाई और बहन के बीच प्यार या भावना बढ़ जाती है। बदले में भाई अपनी बहनों को उपहारों से भरपूर खुशियां देते हैं। रक्षाबंधन की तरह भाई दूज भाई–बहन के बंधन को मजबूत करती है।**



भाई दूज या यम द्वितीया दिवाली के दो दिन बाद मनाई जाती है। बहनें अपने भाइयों के लंबे जीवन के लिए प्रार्थना करने के लिए टीका समारोह में भाग लेती हैं, जबकि भाई अपनी बहनों को उपहार देते हैं जो भाई-बहनों के बीच बंधन का सम्मान करते हैं। भाई दूज के कुछ अन्य नाम भाऊ बीज, भात्री द्वितीया, भाई द्वितीया या भथरू द्वितीया हैं। इस दिन को यम द्वितीया भी कहा जाता है, जो यहां कार्तिक मास की द्वितीया तिथि को पड़ती है। यम द्वितीया पर, यमराज, मृत्यु के देवता, चित्रगुप्त और यम-दूत, भगवान यमराज के अनुयायियों के साथ पूजा की जाती है। भाई दूज एक हिंदू घटना है। यह दो शब्दों से बना है~ च्भाई,ज्जिसका अर्थ है च्भाईज्, च्दूजज्के साथ, जो अमावस्या के बाद दूसरे दिन को संदर्भित करता है, जो उत्सव का दिन भी है। भाई-बहन के जीवन में यह दिन विशेष रूप से सार्थक होता है। भाई-बहनों के बीच गहन रिश्ते का सम्मान करने के लिए यह एक खुशी की घटना है। बहनें अपने भाइयों को अपने घर आने और मनपसंद व्यंजन बनाने के लिए आमंत्रित करती हैं। बहनें भी अपने भाइयों के स्वास्थ्य, जीवन की गुणवत्ता और सभी बीमारियों और दुर्भाग्य से सुरक्षा के लिए भगवान से प्रार्थना करती हैं। बदले में, भाई अपनी बहनों की देखभाल करने और उनकी आराधना करने के अपने दायित्वों को पूरा करते हैं।

भाई दूज एक महत्वपूर्ण त्योहार है जिसे पूरे भारत में बहुत जोश और उत्साह के साथ मनाया जाता है। समारोह में भाइयों को उनके पसंदीदा भोजन या मिठाइयों के शानदार भोज के लिए आमंत्रित करने का काम शुरू होता है। पूरी घटना एक भाई के अपनी बहन की रक्षा के वादे का प्रतिनिधित्व करती है, जबकि एक बहन भगवान से प्रार्थना करती है और अपने भाई की भलाई के लिए शुभकामनाएं करती है। परंपरागत रूप से संस्कार को समाप्त करने के लिए, बहनें अपने भाइयों के लिए चावल के आटे से एक आसन बनाती हैं। यहाँ भाई के माथे पर, सिंदूर से बना एक पवित्र टीका, दही, चावल के साथ लगाया जाता है। उसके बाद बहन अपने भाई की हथेलियों में कद्दू के फूल, पान, सुपारी या नकदी रखती है और पानी डालते हुए धीरे-धीरे श्लोकों का जाप करती है। उसके बाद वह आरती भी करती है। दक्षिण दिशा की ओर मुख किया हुआ दीपक जलता है और आकाश में उड़ती पतंग को देखना मनोकामना पूर्ण होने का एक अच्छा शगुन है। दावतों का स्वाद लेते हुए भाइयों को उनकी पसंदीदा मिठाई और पीने के लिए पानी दिया जाता है। कार्यक्रम में भाइयों और बहनों के बीच भाई दूज उपहारों का आदान-प्रदान किया जाता है, और बड़ों का आशीर्वाद मांगा जाता है।

हिंदू शास्त्रों के अनुसार, देवी यमुना अपने भाई भगवान यम के काफी करीब थीं, जो मृत्यु के देवता थे। उसे अपने भाई को देखने की तीव्र इच्छा थी क्योंकि उन्होंने एक-दूसरे को लंबे समय से नहीं देखा था। जब भगवान यम दीवाली के दो दिन बाद अपनी बहन को बधाई देने पहुंचे, तो देवी यमुना ने भावना से अभिभूत होकर उनके लिए स्वादिष्ट भोजन पकाते समय उनके माथे पर टिक्का रखा। भगवान यम अपनी बहन के कृत्य से प्रभावित हुए और उन्हें वरदान मांगने का निर्देश दिया। देवी यमुना ने हँसते हुए उन्हें वर्ष में एक बार अपने पास आने के लिए आमंत्रित किया, यह कहते हुए कि जिसकी बहन उसके माथे पर तिलक लगाएगी, वह अपने भाई भगवान यम से नहीं डरेगी क्योंकि उनकी बहन का प्यार उनकी रक्षा करेगा। भगवान यम ने इस उपकार और भाई दूज के त्योहार को पूरा किया, जो हिंदू धर्म की परंपरा और पांच दिवसीय दिवाली समारोह का एक महत्वपूर्ण घटक बन गया है। भाई दूज एक ऐसा त्योहार है जो भाई और बहन के प्यार, जुड़ाव और एकजुटता का सम्मान करता है। यह आयोजन रक्षा बंधन के समान ही है और इसका एक ही लक्ष्य है। इस दिन को भाई-बहनों के बीच मिठाइयों या उपहारों के आदान-प्रदान किया जाता है। अपनी भक्ति के प्रतीक के रूप में और अपने भाइयों को बचाने के लिए, बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर टिक्का लगाया जाता है।

भाई दूज पूरे भारत में मनाया जाने वाला एक राष्ट्रीय अवकाश है। हालाँकि, इसे विभिन्न देश वर्गों में विभिन्न नामों से जाना जाता है। महाराष्ट्र और गोवा में, इसे च्भाऊ बीजज्माना जाता है, लेकिन बिहार और उत्तर प्रदेश में, इसे च्भाऊ टीकाज्माना जाता है। इसे पश्चिम बंगाल में च्भाई फोटाज् कहा जाता है। नेपाल में, इस व्यंजन को च्भाई तिहारज्के नाम से जाना जाता है। हमारे देश में हर महिला भाई दूज को अपने भाई के लिए अपना समर्थन और करुणा प्रदर्शित करने के लिए मनाती है। इस दिन सभी बहनें भगवान से अपने भाई के जीवन की खुशियों की कामना करती हैं। यह व्यापक रूप से माना जाता है क्योंकि यमुना को अपने भाई यमराज से यह वादा मिला था कि भाई दूज मनाने से ही यमराज के डर से छुटकारा मिल सकता है और यहां तक कि भाई और बहन के बीच प्यार या भावना बढ़ जाती है। बदले में भाई अपनी बहनों को उपहारों से भरपूर खुशियां देते हैं। रक्षाबंधन की तरह भाई दूज भाई-बहन के बंधन को मजबूत करती है।

राखी बांधना एक भाई की अपनी बहन को बुरी ताकतों से बचाने और उसकी रक्षा करने की प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है। भाई दूज के दौरान अपने भाई के माथे पर टीका लगाकर, बहन हर तरह से अपने भाई की रक्षा करने का वादा करती है। बहनें अपने भाई के लिए आरती करती हैं और फिर उसके माथे पर लाल टीका लगाती हैं। भाई दूज की तुलना रक्षा बंधन के भारतीय उत्सव से की जाती है, जिसमें यह एक भाई और एक बहन के बीच मौजूद चिरस्थायी रिश्ते की याद दिलाता है। इस विशेष आयोजन में, भाई अपनी बहनों से मिलते हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे ठीक हैं और उपहार या मिठाइयाँ बाँटते हैं।

**-प्रियंका सौरभ**
**रिसर्च स्कॉलर इन पोलिटिकल साइंस,**

## आपका राशिफल 28 अक्टूबर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-5-7-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय का लाभ लें। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-5-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-2-4-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। अपने काम पर नजर रखिए। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-3-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ। शुभांक-1-3-5

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-2-4-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। यात्रा का योग है। आय के योग बनेंगे। शुभांक-4-6-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-4-6-7

## फिल्म वर्ग पहेली- 5969



**बायें से दायें:-**

१. डिनो मारिया, बिपाशा बसु की 'जब दिल चुराए' गीत वाली फिल्म-३
३. 'ऐ हवा ये बता' गीत वाली धर्मेन्द्र, रेखा की फिल्म-३
५. सलमान, नगमा की 'चांदनी रात है' गीत वाली फिल्म-२
७. 'टुट गई तड़क करके' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी की फिल्म-३
८. अनिल धवन, रेहाना सुल्तान की 'दिल बेचैन रहा' गीत वाली फिल्म-२,२
९. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली संजयदत्त, सलमान खान, रवीना की फिल्म-२
१०. डैनी, विनोद मेहरा, मौसमी की 'संसार है एक' गीत वाली फिल्म-३
११. 'गाड़ी बुला रही है' गीत वाली धर्मेन्द्र हेमा की फिल्म-२
१३. जीतेन्द्र, रामेश्वरी की 'काहे बिंदिया लगाई' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'वो लड़की बहुत' गीत वाली अजय देवगन, नेहा धूपिया की फिल्म-४
२०. बॉबी, अक्षय खन्ना, अमीषा की 'दिल ने कर लिया' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'मुझे साजन के' गीत वाली अनिल, जैकी, मनीषा, माधुरी की फिल्म-२
२२. सनी, सुनील, सेलिना की 'प्यार होने लगा' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली जैकी श्रॉफ, डिम्पल की फिल्म-२
२७. फरदीन खान, उर्मिला की 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
२८. 'लाल लाल होठों पे' गीत वाली अजय देवगन, जूही की फिल्म-४
२९. फिल्म 'एलओसी' में अजय देवगन के साथ किस की जोड़ी है-२
३०. 'सोल्जर' में प्रीति का नायक ?-२
३१. 'मेरे दिल का पता' गीत वाली राहुल राय, दीपक, पूजा की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'दुनिया हसीनों का' गीत वाली बॉबी देओल, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
२. अनिल धवन, नीतूसिंह की 'अपने दिल में जगह' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मैं निकला' गीत वाली सनी देओल, अमीषा पटेल की फिल्म-३
४. करण दीवान, वैजयंती की 'दुनिया का मजा लेलो' गीत वाली फिल्म-३
५. 'किताबें बहुत सी' गीत वाली शाहरूख, काजोल, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-४
६. राजेंद्रकुमार, माला सिन्हा की 'बांसुरी बजाय के' गीत वाली फिल्म-२
९. 'मिलने से पहले' गीत वाली शरद कपूर, मुकुल आनंद, सुष्मिता की फिल्म-३
१२. विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की 'दिल ही दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'एक तो ये बैरी' गीत वाली दिलीपकुमार, शर्मिला की फिल्म-३
१६. रितिक, करीना की 'ए री रे एरी क्या है' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आपका चेहरा' गीत वाली धर्मेन्द्र, नसीर, सोनू, पल्लवी की फिल्म-४
१८. गोविंदा, ऋषिकपूर, नीलम, मीनाक्षी की 'तेरे डैडी ने दिया' गीत वाली फिल्म-३
१९. शाहरूख, सैफ, प्रीती जिंटा की 'कुछ तो हुआ है' गीत वाली फिल्म-२,१,१,१
२३. अमिताभ, सलमान, हेमा की 'चली चली फिर चली' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'इंतहा हो गई' गीत वाली फिल्म-३

**फिल्म वर्ग पहेली - 5968**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# खतरनाक देश पाकिस्तान को अमेरिकी मदद

पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की सुरक्षा को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चिंता जताई है। कहा है कि परमाणु हथियार संपन्न पाकिस्तान दुनिया का सबसे खतरनाक देश है। जबकि भारत ऐसा अनेक बार कह चुका है। इस चेतावनी के बावजूद बाइडेन ने यह स्पष्ट नहीं किया कि इस बाजिव चिंता को दूर करने के लिए अमेरिका क्या कदम उठाएगा ? जब तक इस चिंता को दूर करने के लिए कोई पहल नहीं की जाएगी, ऐसे बयानों का कोई नतीजा निकलने वाला नहीं है। वैसे अमेरिका का यह बयान कुटिल चतुराई लगता है। क्योंकि हाल ही में अमेरिका ने पाकिस्तान को सुरक्षा सहायता देने के बहाने बड़ी मदद कर भारत के साथ आघात किया है। अमेरिका ने पाक को 16 लड़ाकू विमान और इनके रख-रखाव के लिए 45 करोड़ डॉलर की आर्थिक मदद की है। 2018 के बाद से यह पाकिस्तान को की गई सबसे बड़ी मदद है। जबकि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान को दी जाने वाली मदद पर यह कहकर रोक लगा दी थी कि पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ अमेरिका की लड़ाई में कोई सहायता नहीं कर रहा है। दरअसल बाइडेन ने यह मदद देकर भारत के संदर्भ में जले पर नमक छिड़कने का काम किया है। बाइडेन ने यह बयान लास एंजिलिस में डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों को संबोधित करते हुए बाइडेन ने चीन, रूस और पाकिस्तान से जुड़ी तीन समस्याओं को अमेरिका की विदेश नीति के समक्ष तीन चुनौतियों के रूप में पेश किया। उन्होंने कहा कि शी जिनपिंग को मालूम है कि वे क्या चाहते हैं, लेकिन उनके साथ कई तरह की समस्याएं भी हैं। मुझे लगता है कि पाकिस्तान दुनिया के सबसे खतरनाक देशों में से एक है। जिसके पास परमाणु हथियार हैं और वहां कोई सामंस्य नहीं है। बाइडेन ने चीन की तरफ से अमेरिका को मिल रही कड़ी प्रतिस्पर्धा और यूक्रेन-रूस संकट से उपजे वैश्विक हालातों को भी रेखांकित किया। दरअसल हाल ही में रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने परमाणु युद्ध की परोक्ष धमकी दी है। रूस को यूक्रेन जिस तरह से चुनौती देता हुआ आक्रामकता दिख रहा है, उससे रूस द्वारा यूक्रेन पर परमाणु हमले की आशंका बढ़ गई है। इधर पाक के परमाणु हथियारों की सुरक्षा को लेकर भारत समेत कई पश्चिमी देश चिंता जता चुके हैं। इनकी आशंका है कि पाकिस्तानी परमाणु हथियार कहीं आतंकियों व जिहादियों के हाथ लग गए तो संकट खड़ा हो सकता है। अमेरिका के विदेश नीति विषेशज्ञ मार्विन कल्ब का कहना है कि अफगानिस्तान में तालिबान की जीत से प्रेरणा लेकर पाकिस्तान के जिहादी भी सत्ता हासिल करने के प्रयास में लगे हैं। इसलिए पाक के परमाणु हथियार दुनिया के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं।

परमाणु हथियारों पर नजर रखने वाले लेखकों के दल की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के पास इस समय 140 से 150 परमाणु हथियार हैं। यदि परमाणु अस्त्र-शस्त्र निर्माण करने की उसकी यही गति जारी रही तो 2025 तक इनकी संख्या बढ़कर 220 से 250 हो जाएगी। यदि यह संभव हो जाता है तो पाक दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा परमाणु हथियार संपन्न देश हो जाएगा। इस रिपोर्ट के प्रमुख लेखक एम क्रिस्टेनसेन, जुलिया डायमंड और रॉबर्ट एस नोरिस ने दी है, जो वाषिंगटन डीसी में स्थित ' फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट' के परमाणु सूचना परियोजना निदेशक हैं। जबकि अमेरिका की ही रक्षा खुफिया एजेंसी ने 1999 में अनुमान लगाया था कि 2020 में पाकिस्तान के पास 60 से 80 परमाणु हथियार ही तैयार हो पाएंगे।

अमेरिकी गुप्तचर संस्था सीआईए के पूर्व वरिशठ खुफिया अधिकारी केविन हलबर्ट की बात मानें तो पाकिस्तान दुनिया के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक देषों में से एक है। पाकिस्तान की यह खुंखार और डरावनी सूरत इसलिए बन गई है, क्योंकि तीन तरह के जोखिम इस देष में खतरनाक ढंग से बढ़ रहे हैं। एक आतंकवाद, दूसरे ढह रही अर्थव्यवस्था और तीसरे परमाणु हथियारों का जरूरत से ज्यादा भंडारण। आर्थिक संकट के ऐसी ही बद्तर हालात से उत्तर कोरिया जूझ रहा है। दुनिया में ये दोनों देष ऐसे हैं, जो भारत और अमेरिका पर परमाणु हमला करने की धमकी दोहराते रहते हैं। मानव स्वभाव में प्रतिषोध और ईर्श्या दो ऐसे तत्व हैं, जो व्यक्ति को विवेक और संयम का साथ छोड़ देने को मजबूर कर देते हैं। इस स्वभाव को क्रूरतम परिणित बदलते हम अमेरिका द्वारा हिरोषिमा और नागासाकी पर किए परमाणु हमलों के रूप में देख चुके हैं। अमेरिका ने हमले का जघन्य अपराध उस नाजुक परिस्थिति में किया था, जब जापान इस हमले के पहले ही लगभग पराजय स्वीकार कर चुका था। इस दृष्टि से पाकिस्तान और उत्तर कोरिया पर भरोसा कैसे किया जाए ?

प्रमोद भार्गव

## सूडोकु नवताल- 6481

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6480 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |




**विचार प्रवाह**

भावों का खेल बड़ा विचित्र है। कुत्ते को रोटी खिलाओ तो भाव कुछ और होते है और गाय को रोटी खिलाओ तो भाव कुछ और होते है। बेटे को रोटी खिलाओ तो कुछ और, पति को रोटी खिलाओ तो कुछ और तथा मुनि को रोटी खिलाओ तो कुछ और ही होते है। याद रखना: 1000 लोगों को भोजन करा देने में वह आनंद नहीं, जो आनंद मुनि को एक ग्रास आहार देने में है।

**-मुनिश्री तरुण सागर**

## शब्द पहेली - 7521




**बाएँ से दाएँ**

1. ईसा मसीह-3
3. जवान, तरुण-3
5. आकाश, व्योम-2
6. परत, अस्तर-2
8. गर्जना, दहाड़ना-4
11. मदद, आराम-3
13. सुगंध, खुशबू-3
14. धूल, मिट्टी-2
15. छत्तीसगढ़ की राजधानी-2
16. पिता, आविष्कारक-3
18. नस्ल, जाति, प्रजाति-3
20. ओस, रजनीजल-4
23. भीगा हुआ-2
25. बल, ताकत, दम-2
26. तेल या घी में पकाना -3
27. मसाज-3

**ऊपर से नीचे**

1. रसना, जिव्हा-2
2. सचेत, सावधान-3
3. जरुरत, आवश्यकता-3
4. ऋतु, मौसम-2
5. दृश्य, तमाशा-3
7. कंठ, गला-3
9. रीती, रिवाज-2
10. प्रसिद्ध, नामवर-4
12. तीर रखने का पात्र-4
16. भूमि, धरा-3
17. खदान, माईन-2
19. तरंग, हिलोर-3
21. प्रवाहित करना-3
22. भीड़, समूह-3
24. राय, वोट-2
25. उत्साह, ललक-2

**शब्द पहेली -7520 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# सीएम शिवराज ने बजाया मंजीरा, ताशे

# गोवर्धन पूजा के बाद बोले- हर पंचायत- शहर में पेड़ लगाने के लिए आरक्षित होगी जमीन

***भोपाल,यशभारत। गोवर्धन पूजा के दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का अलग अंदाज देखने को मिला। सीएम ने मंजीरा तो बजाया, ताशे पर भी हाथ आजमाया। मौका था पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का। कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में सीएम शामिल हुए। मुख्यमंत्री की मौजूदगी में जनभागीदारी से पौधारोपण, जल संरक्षण और सस्टेनेबल ग्रीन साइट्स पर गतिविधियां हुईं। सीएम अंकुर अभियान के भोपाल के प्रतिभागियों से बात करते हुए कहा- अब हर पंचायत- शहर में पौधारोपण के लिए जमीन आरक्षित होगी। लोग यहां पौधे लगा सकेंगे।**





सीएम ने कहा- मध्यप्रदेश के पर्यावरण प्रेमी आज गोवर्धन पूजा में जुड़े हैं। गोवर्धन पूजा शहर में भले ही कम दिखती हो, लेकिन हम तो गांव के रहने वाले हैं, गांव में तो गौधन मैया घर-घर में बनती हैं। भोले लोग यह भी कह सकते हैं कि मुख्यमंत्री यह क्या कर रहे हैं, लेकिन मैं कहना चाहता हूं, हमारा देश अद्भुत है। 5000 साल से ज्यादा समय से पहले से हमारे ऋषि-मुनियों ने गोवर्धन पूजा की परंपरा को शुरू किया था। इसमें पर्यावरण संरक्षण का हित निहित था।सीएम शिवराज सिंह चौहान ने पत्नी साधना सिंह के साथ गोवर्धन पूजा की। इस मौके पर मंत्री डंग भी मौजूद रहे।सीएम शिवराज सिंह चौहान ने पत्नी साधना सिंह के साथ गोवर्धन पूजा की। इस मौके पर मंत्री डंग भी मौजूद रहे।

### *जबलपुर में गौवंश अभयारण्य शुरू कर रहे*

पहले खेती में बैलों का उपयोग करते थे फिर ट्रैक्टर आया, हार्वेस्टर आया। बैलों की उपयोगिता खत्म होने लगी तो हमने उन्हें लट्ठ मारकर सड़कों पर छोड़ दिया। आज गाय-बैल सड़कों पर घूम रहे हैं। हमें गायों के महत्व को समझना चाहिए। हमें अपने गौवंश की चिंता करनी चाहिए। हमने गौशालाएं खोलीं। मध्यप्रदेश में अभी 1700 गौशालाएं संचालित हैं। जबलपुर में गौवंश अभयारण्य शुरू कर रहे हैं। ग्वालियर में गोबर और गौमूत्र से सीएनजी प्लांट बनाने का काम शुरू कर रहे हैं।

### *लोटा-गिलास की जगह अब बोतल आ रहीं नजर*

एक जमाना होता था, जब लोग शेरों का शिकार करते थे और रिकॉर्ड बताते थे। उन्होंने कितने शेर मारे, जब शेर खत्म हो गए तो वाइल्ड लाइफ बोर्ड बना। अब कहा जा रहा है, शेर लाओ, लाओ तेंदुआ। किसान कह रहे हैं कि इन जानवरों से हमारी फसल बचाओ। ये सब प्रकृति के असंतुलन के कारण हो रहा है। अब लोग बोतल से पानी पीते हैं। एक घूंट पानी पिया और बोतल फेंक दी। पहले गांव में लोग लोटे-गिलास में पानी लाकर देते थे। अब गिलास नजर ही नहीं आते। लोग बोतल थमा देते हैं। हमें अपने जीवन में यह बदलाव प्रकृति और पानी को बचाने के लिए करना जरूरी है।

### *लोगों ने दिवाली पर खूब पटाखे फोड़े*

दिवाली पर पटाखे छोड़ने पर प्रतिबंधों के आदेशों पर सीएम ने कहा- अलग-अलग जिलों में प्रशासन ने पटाखे नहीं फोड़ने की सलाह दी, लेकिन जिन लोगों को नहीं मानना था, उन्होंने खूब पटाखे फोड़े। अकेले दीवानी ही नहीं, बल्कि हमें अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण को बचाने के लिए परिवर्तन लाना जरूरी है। मध्य प्रदेश की नगर पालिका में ग्रीन सिटी इंडेक्स की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

### गोवर्धन पूजा मात्र एक कर्मकांड नहीं, यह प्रकृति की पूजा- सीएम*

आज गोवर्धन पूजा है। गोवर्धन पूजा मात्र एक कर्मकांड नहीं है। यह प्रकृति की पूजा है। यह धरती को बचाने का एक महा अभियान है। 5000 वर्ष से पहले भगवान श्री कृष्ण यह आह्वान किया था। गोकुलवासियों को, ब्रजवासियों को कि तुम गोवर्धन की पूजा करो।वह हमें शुद्ध पर्यावरण देता है, वह हमारी गायों को घास देता है। उसके पेड़ों से कई तरह के फल हमें मिलते हैं, तो जो हमें कुछ देता है। वह हमारे लिए देवता है। हमको उसके प्रति कृतज्ञता प्रकट करनी चाहिए। आज की आधुनिक परिस्थितियों के संदर्भ में गोवर्धन पूजा पहले से ज्यादा प्रासंगिक हो गई है, क्योंकि आज ग्लोबल वार्मिंग का खतरा है।क्लाइमेट चेंज के संकट को हम भुगत रहे हैं, वैसा इसके पहले कभी नहीं रहा। आज तो धरती के अस्तित्व पर ही संकट के बादल छाए हुए हैं। आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित नहीं लग रहा है, इसलिए हम गोवर्धन पूजा के माध्यम से सारे समाज को संदेश देने के लिए कि पर्यावरण बचाओ, आज का कार्यक्रम कर रहे हैं।

इसलिए आज व्यापक पैमाने पर पूरे प्रदेश में गोवर्धन पूजा का हमारा कार्यक्रम है और उसी से तीनों चीजें जुड़ी हुई है। गोवर्धन पूजा मतलब पर्यावरण की रक्षा, प्राकृतिक खेती से भी हम इसे जोड़ रहे हैं और गोवंश के संरक्षण से भी इसे जोड़ रहे है तो गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम पर्यावरण विभाग करेगा। गोवर्धन पूजा सभी 52 जिलों में हो रही है।

### 16 शहरों में बैटरी वाहनों का उपयोग कर रहे- मंत्री डंग*

पर्यावरण मंत्री हरदीप सिंह डंग ने कहा- हम 16 शहरों में बैटरी वाहनों का उपयोग कर रहे हैं। पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण के कामों में भी तेजी लाई गई है। कार्यक्रम में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, वन मंत्री विजय शाह, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, भोपाल कलेक्टर अविनाश लवानिया मौजूद रहे।

---

**10 हजार सैंपल प्रदेश में अटके**

## प्रदेश में डीएनए सैंपल की पेंडेंसी खत्म करने के लिए 122 संविदा शोधार्थी की होगी सीधी भर्ती

भोपाल , यशभारत।ञ डीएनए सैंपल की पेंडेंसी खत्म करने लगातार कवायद चल रही है। इसी दिशा में अब जल्द ही प्रदेश की एफएसएल लैब में 122 संविदा शोधार्थी रखे जाएंगे। यह पद सीधी भर्ती से एमएससी की मेरिट लिस्ट के आधार पर भरे जाएंगे।संविदा शोधार्थी को प्रति सैंपल के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। प्रदेश में भोपाल और सागर लैब में डीएनए के 10 हजार से ज्यादा सैंपल पेंडिंग हैं। प्रदेश की तीन डीएनए लैब में पेंडिंग सैंपल में 85 से 90 प्रतिशत तक सैंपल दुष्कर्म के मामलों के हैं। प्रदेश की तीनों लैब अभी 500 सैंपल का मिलान हर महीने कर रही है, जबकि नई आमद हर महीने लगभग 300 सैंपल की है।भोपाल लैब में 4500 से ज्यादा सैंपल पेंडिंग हैं। अभी सागर के अलावा भोपाल और इंदौर में डीएनए सैंपल किए जा रहे हैं। ग्वालियर और जबलपुर में भी लैब शुरू की जानी है। इंदौर लैब में भोपाल से भी सैंपल भेजे जा रहे हैं। पेंडेंसी को देखते हुए अगले महीने भोपाल में एक लैब और काम करना शुरू कर देगी। इसके बाद भोपाल में दो लैब हो जाएंगी। एक-दो दिन में इस भर्ती के लिए आवेदन की तारीख जारी की जाएगी।

**इन्हें सैंपल के हिसाब से मिलेगा पैसा**

अभी एफएसएल में 284 पद स्वीकृत हैं, इनमें से 122 पद खाली हैं। इन पदों पर संविदा शोधार्थियों की भर्ती की जाएगी। यह शोधार्थी सहायक रासायनिक परीक्षकों के सहायक के रूप में काम करेंगे। इन्हें 500 रुपए प्रत्येक प्रकरण के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। एमएससी पास किए हुए छात्रों को मेरिट के आधार पर चयन किया जाएगा। इसके लिए जल्द ही प्रक्रिया शुरू होने जा रही है।एमपीपीएससी ने एफएसएल के लिए 44 वैज्ञानिकों की भर्ती निकाली थी। इसमें 13 वैज्ञानिक बायोलॉजी के हैं। पीएससी में 44 पदों के लिए अभी वैज्ञानिकों के दस्तावेजों का परीक्षण चल रहा है। इन 44 वैज्ञानिकों की इसी महीने या नवंबर में एफएसएल में नियुक्ति हो जाएगी। इसके बाद वैज्ञानिकों की संख्या बढ़ने से डीएनए सैंपल का जल्द मिलान होगा।

## भोपाल में अग्निवीरों की भर्ती शुरू, युवाओं में भारी उत्साह

**भोपाल, यशभारत।** अग्निवीर सेना भर्ती रैली बुधवार-गुरुवार रात से शुरू हो गई है। इसको लेकर युवाओं में भारी उत्साह है। भर्ती लाल परेड मैदान के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित की जा रही है। इसमें भोपाल समेत नौ जिलों के लगभग 44 हजार अभ्यर्थी सेना में जाने के लिए अपनी किस्मत अजमाएंगे। बुधवार को दिन में ही बड़ी संख्या में बाहर से अभ्यर्थियों का आना शुरू हो गया था। इनके ठहरने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लाल परेड मैदान में व्यवस्था की गई है। इसके अलावा भी अन्य व्यवस्थाएं यहां की गई हैं। पहले चरण में तीन हजार अभ्यर्थियों को सेना भर्ती के लिए बुलाया गया है। इसके बाद प्रतिदिन पांच हजार अभ्यर्थियों को बुलाया गया है।

भर्ती प्रक्रिया, इन जिलों से आए अभ्यर्थी अग्निवीर भर्ती रैली के लिए पहले दिन तीन हजार अभ्यार्थी आए हैं। इनमें भोपाल, बैतूल, छिंदवाड़ा और होशंगाबाद से 300-300 अभ्यार्थी शामिल होंगे। जबकि रायसेन से 250, राजगढ़ से 750, सीहोर से 550 और विदिशा से 250 अभ्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। सभी अभ्यर्थी रात तक लाल परेड मैदान पहुंच गए थे, जिनकी भर्ती प्रक्रिया रात 12 बजे से शुरू कर दी गई थी। सबसे पहले अभ्यर्थियों की शारीरिक नाप की गई और उनके एडमिट कार्ड समेत सभी दस्तावेज जांचे गए। दस्तावेज परीक्षण के बाद दौड़लगवाई गई। इसमें सफल होने वाल अभ्यर्थियों को 200-200 की टुक ?ड़ी में मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में प्रवेश दिया गया। जहां उनकी शारीरिक परीक्षा होगी। इसमें सफल होने के बाद ही अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड दिया जाएगा। इससे पहले सभी अभ्यर्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण होगा।

### प्रतिदिन पांच हजार अभ्यर्थी, बुलाए इन पदों पर होगी भर्ती

अग्निवीर सेना भर्ती के माध्यम से जनरल ड्यूटी, तकनीकी, क्लर्क, स्टोर कीपर, ट्रेड्समैन के पद के लिए युवाओं को मौका दिया जाएगा। इसके लिए प्रतिदिन पांच हजार अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। भर्ती परीक्षा के दौरान सेना के ब्रिगेडियर रेगनी जार्ज और कर्नल एस बुकड़ी एवं सेना पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। वहीं जिला प्रशासन द्वारा लाल परेड मैदान में अभ्यर्थियों के ठहरने, आवागमन, भोजन, स्वल्पाहार, आदि की व्यवस्था कराई गई है। इसके अलावा रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर अभ्यार्थियों की सहायता के लिए केंद्र भी स्थापित किए गए है। इनमें 24 घंटे अधिकारी मौजूद रहेंगे।

अग्निवीर सेना भर्ती रैली के लिए जिला प्रशासन द्वारा लाल परेड मैदान में सभी तरह की व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। पहले दिन तीन हजार बाकी दिनों में पांच हजार अभ्यर्थी बुलाए गए हैं। पहले दिन की भर्ती प्रक्रिया बुधवार रात को शुरू कर दी गई है। शारीरिक नाप और दौ ? में सफल होने के बाद ही भर्ती में उन्हें प्रवेश दिया जा रहा है। 6 नवंबर तक चलने वाली अग्निवीर परीक्षा में 44 हजार अभ्यार्थी हिस्सा लेंगे।

## मोती मस्जिद से कलश चुराने वाला बदमाश नेपाल बॉर्डर पर गिरफ्तार

**भोपाल ईएमएस।** पुराने शहर में स्थित मोती मस्जिद के गुंबद से बीस दिन पहले कलश चोरी करने वाला अंजार आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। वह नेपाल भागने की फिराक में था। उसे पुलिस ने नेपाल की सीमा से गिरफ्तार किया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। आरोपित की निशानदेही पर पुलिस से मस्जिद के गुंबद से चुराया गया कलश भी बरामद कर लिया है। तलैया थाने से मिली जानकारी के मुताबिक मोती मस्जिद के चौकीदार मोहम्मद लईक ने सात अक्टूबर को कलश चोरी होने की शिकायत की थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू की। डीसीपी जोन तीन रियाज इकबाल के मुताबिक अगरिया, बिहार निवासी 19 वर्षीय अंजार अहमद को मोती मस्जिद से कलश चोरी करने के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि वह बिहार से काम की तलाश में भोपाल आया था और वह अपने सौतेले भाइयों के साथ रह रहा था। वह मस्जिद के पास अक्सर चाय पीने आता था। उसे पता चला कि मस्जिद में लगा कलश सोने का है। छह अक्टूबर को बारिश के दौरान रात में बिजली गुल थी। इसी दौरान वह मस्जिद के गुंबद पर चढ़कर कलश चोरी कर फरार हो गया।

## प्रदेश में बए रही हैं अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग पर अत्याचार की घटनाएं : गोविंद सिंह

**भोपाल,ईएमएस।** प्रदेश में अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। दमोह के देवरान गांव में अनुसूचित जाति वर्ग के तीन व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके पहले भी बुंदेलखंड में इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। यही कारण है कि क्षेत्र से हजारों लोग पलायन कर रहे हैं। यह आरोप विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डा. गोविन्द सिंह ने लगाया। उन्होंने सरकार से मृतकों के स्वजन को 50-50 लाख रुपये की सहायता देने की मांग की। डा. सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय अपराध अनुसंधान ब्यूरो के आंकड़ों से स्पष्ट है कि प्रदेश में अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग पर लगातार अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही हैं।



## राजधानी में सड़कों की दुर्दशा पर मुख्यमंत्री नाराज, कहा- 15 दिन में सुधारें, मैं निरीक्षण करूंगा

**भोपाल यशभारत।** भोपाल में सड़कों की दुदर्शा को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नाराजगी जताई है। उन्होंने लोक निर्माण और नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अधिकारियों को 15 दिन में शहर की सड़कों को सुधारने के निर्देश दिए और कहा कि मैं स्वयं निरीक्षण करूंगा। जिन ठेकेदारों ने नाली या अन्य कार्यों के लिए सड़कों की खोदाई करके ठीक नहीं किया है, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने सड़कों की स्थिति को लेकर लोक निर्माण, नगरीय विकास एवं आवास के साथ जिला प्रशासन के अधिकारियों की गुरुवार को वर्चुअल बैठक बुलाई। उन्होंने कहा कि मैं मंगलवार रात को भोपाल की कुछ सड़कों से निकला। इसमें शाहजहांनाबाद और हमीदिया क्षेत्र की सड़कें शामिल थीं। इनकी इतनी दुर्गति होगी, ये मेरी कल्पना के बाहर है। जगह-जगह गड्ढे हैं। इन सड़कों के रखरखाव की जिम्मेदारी किसकी है। अभी तक इनकी मरम्मत क्यों नहीं हुई है, यह नहीं चलेगा।

## बीई-बीटेक में इस बार 8प्रश ज्यादा एडमिशन

**भोपाल, यशभारत।** तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों में एडमिशन के लिए की जा रही है काउंसिलिंग में इस साल की स्थिति साफ हो गई है। मंगलवार को सामने आई सूची के अनुसार बीते साल की अपेक्षा इस साल बीई-बीटेक में प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या 8प्रश बढ़ गई है। बीती साल ज्यादा सीटें होने के बाद भी 35 हजार 169 प्रवेश ही हुए थे, जबकि इस साल 52 हजार 338 सीटों पर 37 हजार से ज्यादा प्रवेश हुए हैं। इधर, एमबीए में 3 फीसदी प्रवेश कम हुए हैं। यदि सीटों के अनुपात में देखें तो यह 5 साल में सबसे कम प्रवेश हैं। वर्ष 2018 में 19 हजार 665 पर 97 फीसदी सीटें भर गई थीं, जबकि इस साल 16 फीसदी सीटें खाली रह गईं।इस बार एमई-एमटेक में भी बीते वर्ष की अपेक्षा प्रवेश काफी कम हुए। बीते साल 4 हजार से अधिक स्टूडेंट ने प्रवेश लिया था, इस साल यह आंकड़ा 3128 पर सिमट गया। हालांकि एमसीए में इस साल करीब साढ़े तीन हजार प्रवेश हुए, जबकि बीते साल 3 हजार से भी कम थे। एमसीए में बीते पांच साल से लगातार छात्रों की दिलचस्पी बढ़ रही है और एमटेक में घटी है।

**एमबीए में 3प्रश गिरावट के साथ 5 साल के सबसे कम दाखिले**

### कम सीट वाले कोर्स में घटा कॉम्पिटीशन

इस साल एम-आर्क की 18 सीटों में से 11 पर प्रवेश हुआ, जबकि 2021 और 2019 में सभी 18 सीटें भर गई थीं। ऐसे ही बी-आर्क में इस साल 200 में से 113 सीटों पर प्रवेश हुए, जो कि बीते साल से 14 कम हैं। 5 साल में यह सबसे कम है। इसी प्रकार बीएचएमसीटी की 300 में से 58 सीटें ही भर पाईं, जो बीते साल से 8 कम है। हालांकि आईआईएमबीएम में रुचि ब ?ी है और इस साल 238 सीटों पर प्रवेश हुए।

## कांग्रेस की संचालन समिति में मध्य प्रदेश से दिग्विजय सिंह को स्थान मिला



भोपाल यशभारत। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद बुधवार को संचालन समिति का गठन किया है। इसमें मध्य प्रदेश से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को स्थान मिला है। सिंह पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की आयोजन समिति के अध्यक्ष हैं।

पार्टी ने इसके पहले दिग्विजय सिंह को भाजपा सरकार को घेरने के लिए किए जाने वाले आंदोलन की रूपरेखा तय करने वाली समिति का अध्यक्ष बनाया था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने भी उन्हें कार्यकर्ताओं को अनावश्यक प्रताड़ित किए जाने वाले मामलों को देखने वाली समिति की जिम्मेदारी सौंपी है। समिति दो बैठक कर चुकी है और दतिया में पहली सभा करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में बीस नवंबर से होने वाली भारत जोड़ो यात्रा की कार्ययोजना भी उन्होंने कमल नाथ के साथ बैठक करके तैयारी कर ली है। यात्रियों के ठहरने, भोजन, सभा से लेकर अन्य व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग समिति बनाई गई हैं। यात्रा में पूरे समय वे साथ-साथ चलेंगे।

## राहुल की भारत जोड़ो यात्रा के रूट में महाकाल लोक और अंबेडकर जन्मस्थली जुड़ेगी

**भोपाल, ईएमएस। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के मध्यप्रदेश रूट में बदलाव की तैयारी है। इसके मुताबिक राहुल अब महाकाल मंदिर भी जाएंगे। उज्जैन में जनसभा भी होगी। नर्मदा पूजन के बाद राहुल, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली महू भी जाएंगे। कांग्रेस का उज्जैन से हिंदू और महू से दलित-आदिवासी वोटर्स को आकर्षित करने का प्लान है।**

राहुल की यात्रा इंदौर से गुजरेगी। गुरुवार को 10 कांग्रेसी नेता रूट स्कैनिंग करेंगे। इसके बाद ही फाइनल प्लान बनाया जाएगा। बता दें, पहले ये रूट राहुल की यात्रा चार्ट में शामिल नहीं थे। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा बुरहानपुर के रास्ते 20 नवंबर को मध्यप्रदेश में एंट्री करेगी। प्रदेश में यात्रा के प्रभारी पीसी शर्मा के साथ पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, जीतू पटवारी, मुकेश नायक, अरुण यादव, महेंद्र जोशी, बाला बच्चन, रवि जोशी समेत करीब 10 नेता पूरे रूट का दौरा करेंगे। जिन जगहों पर यात्रा विश्राम करेगी, कांग्रेस नेता उन स्पॉट्स का निरीक्षण करेंगे। यात्रा में स्थानीय धर्मगुरुओं को भी आमंत्रित किया जाएगा।

### राहुल की टीम से इंदौर में होगी मुलाकात

यात्रा प्रभारी पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने बताया कि पीसीसी अध्यक्ष कमलनाथ ने प्रदेश में यात्रा के लिए हर नेता को अलग-जिम्मेदारी सौंपी है। 27 अक्टूबर को हम भी रूट का निरीक्षण करेंगे। 28 अक्टूबर को यात्रा की टीम इंदौर आएगी। यहां हम लोग दिल्ली की टीम के साथ बैठक करेंगे। निरीक्षण की रिपोर्ट और यात्रा के सुझावों को भी शामिल करते हुए रूट और मप्र की यात्रा में जरूरी बदलाव किए जाएंगे।



महू से ट्राइबल बेल्ट में मैसेज देने की कोशिश मध्यप्रदेश में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। राहुल की यात्रा जिस रूट से गुजरेगी, उसमें करीब 6 जिलों की 8 विधानसभाएं कवर होंगी। यात्रा के जरिए राहुल गांधी उज्जैन से बड़ा संदेश देंगे। यहां बड़ी जनसभा होगी। इसके लिए कमलनाथ ने पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा को प्रभारी बनाया है।

निमाड़, मालवा से होते हुए यात्रा राजस्थान की तरफ जाएगी, लेकिन मप्र के जिस इलाके से यात्रा गुजरेगी, उसे आदिवासी बहुल माना जाता है। लिहाजा, यात्रा में भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली महू जाने और आदिवासी सेनानायकों से जुड़े स्थानों पर जाने का कार्यक्रम भी बनाया जा रहा है। उज्जैन से हिंदुत्व और महू से एससी, एसटी वोटर्स को साधने का संदेश दिया जाएगा।

### इंदौर के बीचों-बीच से गुजरेगी यात्रा

यात्रा मप्र की धर्मनगरी उज्जैन और आर्थिक राजधानी इंदौर से गुजरेगी। राहुल गांधी की यात्रा इंदौर शहर के बीचों बीच से गुजरेगी। इंदौर कांग्रेस के नेताओं ने सुझाव दिया है कि यात्रा राजबाड़ा से गुजरे। यहां अहिल्या बाई होल्कर की प्रतिमा पर राहुल माल्यार्पण करें। यहां मराठी वोटर्स बड़ी संख्या में हैं। राजबाड़े पर राहुल की यात्रा गुजरने से शहरी वोटर्स से संवाद कराया जा सकता है। अलग-अलग श्रमिक वर्गों और व्यापारिक संगठनों के साथ राहुल मुलाकात कर सकते हैं।

## वाहनों का बकाया टैक्स जमा करने सरल समाधान योजना

**कटनी,यशभारत।** परिवहन विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा वाहनों पर बकाया टैक्स को जमा कराने के लिए सरल समाधान योजना शुरू की गई है। वाहन मालिक इस योजना का लाभ उठाकर बकाया टैक्स के भुगतान में निर्धारित छूट प्राप्त कर सकते है। वाहन मालिकों से अपील की गई है कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठायें। सरल समाधान योजना की अधिसूचना जारी होने के दिनांक 30 सितम्बर 2022 को वाहन पर बकाया मोटरयान कर तथा शास्ति की राशि पर छूट प्रदान की जायेगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए वाहन स्वामी को कुल बकाया राशि को एकमुश्त जमा कराना होगा। 30 सितम्बर 2022 तक किसी वाहन पर मोटरयान कर एवं शास्ति की बकाया राशि को इस योजना के अंतर्गत 31 मार्च 2023 तक एकमुश्त जमा कराया जा सकता है। इस योजना की अधिसूचना जारी होने की तारीख 30 सितम्बर 2022 को 05 वर्ष तक पुराने पंजीकृत वाहन पर मोटरयान कर की राशि पर 10 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। इसी प्रकार 05 वर्ष से अधिक किंतु 10 वर्ष तक पुराने पंजीकृत वाहन पर 20 प्रतिशत, 10 वर्ष से अधिक पुराने पंजीकृत वाहन पर 30 प्रतिशत एवं 15 वर्ष से अधिक पुराने पंजीकृत वाहन, जिनके वाहन स्वामी अपनी स्वैच्छा से पंजीकरण निरस्त कराना चाहते हैं, उन्हें 90 प्रतिशत मोटरयान कर की राशि पर छूट प्रदान की जायेगी।



# अब कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर भी बनाएंगे आयुष्मान कार्ड

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिले के सभी पात्र व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर को भी आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देश पर ई-गवर्नेंस के जिला प्रबंधक सौरभ नामदेव ने शुक्रवार को आधार केंद्र संचालकों को ई-दक्ष कक्ष में डाटा क्वालिटी मॉड्यूल का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्य में वरिष्ठ मुख्य प्रशिक्षक सुनील त्रिपाठी एवं प्रशिक्षक राजेश श्रीवास्तव ने भी प्रशिक्षण प्रतिभागियों को टिप्स दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देश पर शनिवार को कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर की जाने वाली तैयारियों एवं आयुष्मान कार्ड बनाने की रणनीति कार्ययोजना और तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। कलेक्टर ने निर्देशित किया है, कि पंचायत स्तर से पात्र व्यक्तियों की सूची प्राप्त की जाए और फिर गांव में ही आयुष्मान कार्ड बनाया जाए, ताकि किसी भी व्यक्ति को आयुष्मान कार्ड के लिए कहीं भटकना नहीं पड़े। इसके लिए ग्राम रोजगार सहायक व पंचायत सचिव के साथ, पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और आशा कार्यकर्ता पात्र हितग्राहियों को केंद्र में मोबिलाइज कर अधिक से अधिक संख्या में पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।

**गांव-गांव आयोजित होंगे शिविर, गांव में बनेंगे आयुष्मान कार्ड**

# पात्र हितग्राहियों के ई-केवायसी एवं डाटाबेस में मोबाइल नंबर दर्ज करने चलेगा अभियान

**कटनी,यशभारत। राशन की कालाबाजारी रोकने के लिये राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत सम्मिलित पात्र हितग्राहियों के ई-केवायसी एवं डाटाबेस में अभियान चलाकर मोबाईल नम्बर दर्ज किया जायेगा। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर जिले में इसके लिए 30 नवम्बर तक अभियान चलाया जायेगा। जिला खाद्य अधिकारी बालेन्द्र शुक्ला ने बताया कि ई-केवायसी और मोबाईल नम्बर दर्ज होने से वास्तविक पात्र हितग्राहियों की पहचान हो सकेगी। हकदारी के अनुसार सामग्री दी जा सकेगी। साथ ही किसी भी उचित मूल्य दुकान से राशन प्राप्त करने में सुविधा होगी और अपात्र एवं अस्तित्वहीन हितग्राहियों का विलोपन एवं नवीन हितग्राहियों को जोड़ा जा सकेगा।**

वृद्ध, शारीरिक रूप से अक्षम, दिव्यांग, महिलाओं एवं बच्चों का ई-केवायसी उचित मूल्य दुकान के विक्रेता द्वारा घर पर जाकर किया जायेगा। इसके अलावा पात्र हितग्राहियों के ई-केवायसी करने की सुविधा उचित मूल्य दुकानों पर लगाई गई पीओएस मशीन से निरूशुल्क उपलब्ध कराई जायेगी। उचित मूल्य दुकान पर हितग्राही अपना आधार कार्ड ले जाकर कार्य दिवस में ई-केवायसी करवा सकते हैं। डाटाबेस में हितग्राही का त्रुटिपूर्ण आधार नंबर दर्ज होने पर सही आधार नंबर दर्ज किया जाकर ई-केवायसी करायी जायेगी।

पात्र हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकान से वितरित राशन सामग्री की जानकारी एस एम एस के माध्यम से देने हेतु परिवार के न्यूनतम एक सदस्य का मोबाइल नंबर डाटाबेस दर्ज कराया जाना है। मोबाईल नंबर भी पी.ओ.एस मशीन से ही दर्ज कराया जा सकेगा। नोडल अधिकारी एवं विक्रेता का प्रशिक्षण संबंधित कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा दिया जायेगा। ई-केवायसी एवं मोबाइल नम्बर दर्ज करने का कार्य दुकान के विक्रेता द्वारा 28 अक्टूबर से 25 नवम्बर तक तथा ई-केवायसी का अनुमोदन और मौके पर सत्यापन का कार्य 30 अक्टूबर से 30 नवम्बर के बीच किया जाना है। ई-केवायसी एवं मोबाईल नम्बर दर्ज करने हेतु प्रत्येक उचित मूल्य दुकानदार को प्रतिदिन न्यूनतम 40 हितग्राहियों का ई-केवायसी एवं 15 परिवारों का मोबाइल नम्बर दर्ज करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस कार्य की मॉनिटरिंग हेतु राज्य स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इसका दूरभाष नम्बर 0755-2441471 है।

ई-केवायसी एवं मोबाइल नम्बर दर्ज करने करने में आने वाली तकनीकी समस्याओं के निराकरण हेतु जिला स्तर पर पी.ओ. एस सेवा प्रदाता द्वारा तकनीकी अमला कपिल मिश्रा मोबाइल नम्बर 9009063089 और श्वेता दुबे के मोबाइल नम्बर 7047547184 तथा राज्य स्तर पर प्रोजेक्ट मैनेजर के मोबाइल नम्बर 9826418228 और दिव्या राणा 9074350448 तथा देवल खरे के मोबाइल नम्बर 9039004006 पर संपर्क किया जा सकता है। 4 लाख से अधिक हितग्राहियों का हुआ ई-केवायसी कटनी जिले के 52 प्रतिशत हितग्राहियों का ई-केवायसी और 44 फीसदी परिवारों के डाटाबेस में मोबाइल नम्बर दर्ज किए जा चुके हैं। जिले में 2 लाख 12 हजार 613 राशन कार्ड धारियो के कुल 8 लाख 64 हजार 27 सदस्य हैं। इनमें से 4 लाख 47 हजार 330 का ई-केवायसी हो चुका है। जबकि 93 हजार 406 कार्ड धारको के डाटा बेस में मोबाइल नम्बर दर्ज किया जा चुका है। अभियान के दौरान दुकानवार नोडल अधिकारी वहीं रहेंगे जो अन्न उत्सव हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं।

# अंतर महाविद्यालयीन खो-खो महिला प्रतियोगिता में बरही ने जीता खिताब

## प्रतियोगिता में जिले के 10 कॉलेजों की टीम ने की सहभागिता





बरही,यशभारत। अंतर महाविद्यालय जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय बरही ने विजेता का खिताब हासिल किया है। महाविद्यालय की पांच छात्राएं आरती कोल, आराधना बुनकर, रक्षा दहिया, साक्षी, पूजा साहू का चयन कटनी जिला दल में किया गया, जो आगामी 20 अक्टूबर को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करेंगी। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय बरही के प्राचार्य डॉक्टर आर.के. वर्मा के मार्गदर्शन एवं क्रीड़ा अधिकारी पुष्पेंद्र तिवारी से प्रशिक्षण प्राप्त कर महाविद्यालय के प्राचार्य ने शुभकामनाएं प्रेषित की है। जिला स्तरीय महिला खो खो की मेजबानी शासकीय महाविद्यालय बरही द्वारा किया गया।

### इनका रहा सराहनीय योगदान

संभाग स्तरीय खो-खो महिला प्रतियोगिता की मेजवानी 20 अक्टूबर को शासकीय महाविद्यालय बरही द्वारा किया जाएगा। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में प्रोफेसर आर.के. त्रिपाठी, डॉ एसएस धुर्वे, डॉ कन्हैया विश्वकर्मा, डॉ के.के. निगम डॉ.आर.जी सिंह, डॉ.अरविंद सिंह, डॉ राकेश दुबे, डॉ.नीलम चतुर्वेदी, डॉ.रश्मि त्रिपाठी, डॉ.मंजू लता साहू, सुश्री प्रियंका तोमर, श्रीमती सुनीता सिंह, श्रीमती अनीता सिंह, सुश्री संतोषी तिवारी, मनीष मिश्रा, शंकर सिंह, चंद्रभान विश्वकर्मा, सतीश विश्वकर्मा, अजय सेन, ऋषभ परोहा, केश मोहम्मद, मनोज चौधरी, अनुराग सोनी, राजेंद्र साकेत, पवन दुबे, शिव कुमार केवट विनोद व समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## पात्र व्यक्ति आयुष्मान निरामय भारत योजना का लाभ लें

**कटनी,यशभारत।** 25 अक्टूबर मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान जिले में 31 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान केन्द्र एवं राज्य शासन की चिन्हित हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिया जा रहा है। पात्र व्यक्तियों से इन योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया गया है। इसी क्रम में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा कमजोर वर्ग के परिवारों को 5 लाख प्रतिवर्ष का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयुष्मान निरामयम भारत योजना संचालित की जा रही है। इस योजना में संबल योजना के हितग्राही, खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत पात्रता पर्ची धारक और एसईसीसी में चिन्हित हितग्राही पात्र होंगे। आवेदक को समग्र आईडी, आधार कार्ड व पात्रता पर्ची आवेदन के साथ संलग्न करना होंगी। आयुष्मान योजना का लाभ पात्र हितग्राही को चिन्हित बीमारियों के लिए शासन द्वारा चिन्हित किये गये शासकीय एवं निजी चिकित्सा संस्थानों में जो कि योजना अंतर्गत अनुबंधित है, में भर्ती होने पर ही दिया जावेगा। एक वर्ष में परिवार कुल 5 लाख रूपये का चिकित्सा लाभ निरूशुल्क पात्र हितग्राही एवं परिवार को मिल सकेगा। इस योजना के लिए आयुष्मान मित्र, लोक सेवा केन्द्र व ग्राम रोजगार सहायक स्वीकृतकर्ता एजेंसी हैं।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना

मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान जिले में 31 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान केन्द्र एवं राज्य शासन की चिन्हित हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिया जा रहा है। पात्र व्यक्तियों से इन योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया गया है। इसी क्रम में राजस्व विभाग द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना संचालित की जा रही है। इस योजना में भूमि स्वामी, जिनके पास एक फरवरी 2019 के पूर्व से कृषि भूमि है, एक ही भूमि स्वामी के एक से अधिक खाते होने की दशा में केवल एक ही खाते हेतु राशि प्राप्त होगी।

## प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार हेतु लिए जा रहे ऑनलाइन आवेदन

**कटनी,यशभारत।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) बच्चों की ऊर्जा, दृढ़ संकल्प, क्षमता, एवं प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए दिया जाता है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2023 के लिए 31 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। पात्रता एक भारतीय नागरिक जो भारत में रहता है, तथा जिसकी उम्र 31 अगस्त 2022 की स्थिति में पांच वर्ष से अधिक आयु का है और 18 वर्ष से अधिक नहीं है। पुरस्कार में एक पदक, नकद एक लाख रुपये और प्रमाण-पत्र दिये जावेंगे। राष्ट्रीय चयन समिति के निर्णय के अनुसार विजेताओं की संख्या नियत होगी। पुरस्कार हेतु राष्ट्रीय चयन समिति द्वारा नामांकन किया जा सकता है। चयन प्रक्रियारू प्राप्त आवेदनों की पहले स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा जांच की जाती है और अंतिम चयन राष्ट्रीय चयन समिति द्वारा किया जाता है। पुरस्कारों की घोषणा 26 दिसंबर 2022 को श्वीर बाल दिवसश् पर की जाएगी।

# जैव विविधता, वन जीवन संरक्षण पर कार्यशाला

## आईपीएस स्कूल कैम्पस बरही में हुआ आयोजन



**बरही,यशभारत।** स्थानीय कनोर मार्ग में संचालित इंडियन पब्लिक स्कूल बरही में मोटे अनाजों जैव विविधता एवं वन जीवन संरक्षण पर स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में पदम बाबूलाल दाहिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। मोटे अनाजों पर वन्य जीवन पर औषधिए पौधों पर किए जा रहे छात्र.छात्राओं के अध्ययन कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए श्री दाहिया ने अपना अनुभव शेयर करते हुए बताया कि हमारे देश में खेती का इतिहास लगभग 10 हजार वर्ष पुराना है और अनाजों की खोज किसी वैज्ञानिक ने नहीं बल्कि हमारे पूर्वजों ने इसे जंगलों से खोज खोज कर गांवों तक पहुंचाने का कार्य कियाए जिसमें मोटे अनाजों की संख्या लगभग 12-13 है, जो मुख्य रूप से कोदो, कुटकी, सामा, काकून, बाजरा, ज्वार, मक्का, रागी इत्यादि हैं और इनमें अनुभव के आधार पर हमारे पूर्वजों ने कई कहावत भी बनाई है जैसे एक पाख दो पानी, पकाई कुटुक रानी, सावा जेठानंद कहावे, अनाज में सबसे आगे आवे, सगमन सराई दहिमन जाना 80 बरस न होय पुराना, साथ ही आप ने आगे बताया कि पहले हमारे समाज का भोजन 10-12 प्रकार के अनाजों से होता था लेकिन अब सिमटकर तीन अनाजों में रह गया है, गेहूं, चावल दाल। उन्होंने कहा कि मोटे परंपरागत अनाजों का संरक्षण आवश्यक है।

आधुनिकता के दौर पर हमारी परंपरागत खेतिया विलुप्त हो रही हैं। आईपीएस के छात्र-छात्राओं द्वारा किया जा रहा यह प्रयास बहुत सराहनीय है हमें स्कूली शिक्षा के साथ-साथ इन सब कार्यों पर कार्य करने की आवश्यकता है साथ ही आपके द्वारा स्थापित बीज बैंक के बारे में जानकारी देते हुए बच्चों को बीज बैंक विजिट करने का आवाहन किया साथ ही आपने वन्य जीवन एवं औषधीय पौधों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी तत्पश्चात हिंदी दिवस पर आयोजित पोस्टकार्ड लिखो प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर शुभकामनाएं प्रेषित की गई, कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेंद्र दहिया वरिष्ठ समाजसेवीए अनिल दहिया वरिष्ठ समाजसेवी सतना, आर एस जायसवाल आई पी एस चेयर पर्सन, श्रीमती सुलक्षणा जायसवाल डायरेक्टर, एसएल साहू प्राचार्य श्रीमती कनक केवट उप प्राचार्य, विजय कुमार प्रधानाचार्य यस पी गुप्ता मोहम्मद हाशिम साइंस टीचर, श्रीमती वर्षा रजक कल्चरल प्रोग्राम प्रभारी, स्कूल के बॉयज द्वारा गुलदस्ता प्रदान कर दिया गया कार्यक्रम का संचालन हाई स्कूल की छात्रा आयुन पांडे एवं स्कूल कैप्टन ऋषि का निगम ने किया आभार प्रदर्शन क्लास नाइंथ के बच्चों द्वारा किया गया।

# सार्वजनिक स्थलों सहित घाटों में चला सफाई अभियान







**कटनी,यशभारत।** वर्तमान में चल रहे पर्वो को दृष्टिगत रख महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देश पर दो शिफ्ट में नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के प्रयास किये जा रहे है।

प्रातः कालीन सफाई व्यवस्था के तहत नगर के विभिन्न मुख्य मार्गो पन्ना मोड, कुठला मेन रोड, बस स्टैंड परिसर, नदीपार मुख्य मार्ग, आजाद चौक, मिशन चौक से सिटी कोतवाली, एम.जी.एम हॉस्पिटल के सामने, व्ही आई.पी रोड, नई बस्ती, खिरहनी फाटक से दुर्गा चौक, शिवाजी वार्ड मुख्य मार्ग, तिलक कॉलेज मेन रोड, अंबेडकर वार्ड गायत्री नगर भट्टा मोहल्ला, भरत चौक, एन.के.जे बजरिया, माधव नगर के विभिन्न मार्गो, वार्ड क्र. 23 गोविंद देव जी मंदिर के पास सफाई एवं चूने की लाइनिंग, पहरूआ मंडी मेन रोड तथा बरगवां मुख्य मार्ग के डिवाइडरों की सफाई का कार्य कराया गया। आगामी छठ पर्व को दृष्टिगत रखते हुए नगर के विभिन्न वार्डो वार्ड क्रमांक 5 स्थित नदीपार धुईया बाबा घाट, मोहन घाट, छपरवाह घाट, बाबा घाट, बजरंग घाट सहित नगर के अन्य घाटों एवं सीढ़यों के आसपास सफाई एवं झाडियों की कटाई का कार्य कराया गया।

नागरिकों की सुविधा एवं सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु विभिन्न प्वाइंटों की सफाई सहित डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य किया जाकर नगर को साफएवं स्वच्छ रखने के प्रयास किए गए। शहर के अन्य स्थलों वार्ड क्र. 3 स्थित पहरूआ मंडी रोड, वार्ड क्र. 6 आजाद चौक गाटर घाट गली, वार्ड क्रमांक 8 जालपा मंदिर पहुॅच मार्ग सन्मुख दास गली एवं चौधरी बस्ती, वार्ड क्रमांक 9 गौर गली एवं अन्य विभिन्न स्थलों, वार्ड क्र. 10 देवांशु होटल के बाजू से एवं सिंधी स्कूल गली, काली माता मंदिर के सामने, आदर्श कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 26 सिविल लाईन, सूरी गली सहित नगर के अन्य स्थलों के साथ ही वार्ड क्र. 10 रामसिंह गली एवं वार्ड क्रमांक 35 सौरभ किराना गली की नालियों की सफाई का कार्य कराया गया।

# रोहित शर्मा की बल्लेबाजी से नाखुश हैं बचपन के कोच, बोले- पता नहीं वह ऐसा क्यों कर रहा है




**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 विश्व कप में भारतीय टीम ने अपना पहला मैच जीतकर शानदार शुरुआत की है, लेकिन कप्तान रोहित का खराब फॉर्म सभी के लिए चिंता का विषय है। रोहित के कोच दिनेश लाड भी उनके आउट होने के तरीके से नाखुश हैं, उन्होंने कहा कि रोहित को जोखिम भरे शॉट खेलने की बजाय एंकर की भूमिका निभानी चाहिए और एक छोर संभालकर बल्लेबाजी करनी चाहिए। रोहित पाकिस्तान के खिलाफ चार रन पर आउट हो गए थे और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच में भी सिर्फ 14 रन बना पाए थे। इस पर उनके कोच दिनेश लाड ने कहा, च्च्हां, वह पिछले कुछ समय से ज्यादा जोखिम लेकर खेल रहा है, जो उसे नहीं करना चाहिए। मुझे नहीं पता कि वह ऐसा क्यों कर रहा है। मुझे लगता है कि वह अत्यधिक आक्रामक खेल खेलने में गलती कर रहा है। दिनेश लाड ने आगे कहा च्च्मुझे लगता है कि उसे क्रीज पर अधिक समय बिताना चाहिए और अपना विकेट नहीं फेंकना चाहिए। मैं नहीं चाहता कि वह पावरप्ले के पहले छह ओवरों में चांस ले। उसे अपना सामान्य और स्वाभाविक खेल खेलना चाहिए। उसे 17-18 ओवर तक खेलने की कोशिश करनी चाहिए और हर मैच में 70-80 रन बनाने चाहिए। रोहित के कोच ने कहा कि वह टी20 क्रिकेट में रोहित के खेल में बदलाव देखना चाहेंगे, खासकर टी20 विश्व कप में रोहित को अपना खेल बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा च्च्उनके कोच के रूप में, मैं उन्हें एक एंकर के रूप में देखना चाहूंगा, न कि एक विस्फोटक बल्लेबाज के रूप में, जो जोखिम भरे शॉट खेलता हो। अगर वह कुछ समय के लिए विकेट पर रहते हैं, तो वह लंबी और उपयोगी पारी खेलेंगे। दिनेश ने कहा च्च्वह हवा में बहुत अधिक खेलता है, शायद इसलिए कि कभी-कभी टी 20 क्रिकेट में इसकी आवश्यकता होती है। लेकिन मैं कहूंगा कि उसे नियंत्रित आक्रामकता के साथ जाना चाहिए। अगर वह जोखिम भरे शॉट्स कम खेलता है, तो वह हर मैच में अच्छा प्रदर्शन करेगा।ज्ज रोहित के साथ अपनी आखिरी बातचीत को याद करते हुए लाड ने कहा- च्च्मैंने उनसे आखिरी बार विश्व कप में जाने से पहले बात की थी। हमने तकनीक के बारे में ज्यादा बात नहीं की क्योंकि उन्होंने भारत के लिए इतना क्रिकेट खेला है। मुझे लगता है कि रोहित फिर से मैच विजेता की तरह खेलना शुरू कर देगा। हम एक बार फिर से रोहित का सर्वश्रेष्ठ देखने वाले हैं, जैसे इंग्लैंड में 2019 विश्व कप में उन्होंने दिखाया था। उन्होंने पांच आईपीएल खिताब जीते हैं। वह एक बेहतरीन कप्तान हैं। उनमें आत्मविश्वास है। वह जानते हैं कि किस खिलाड़ी का कैसे उपयोग करना है और कैसे उससे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराना है।

# न्यूजीलैंड-अफगानिस्तान का मैच धुला

## इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया में किसी एक का सेमीफाइनल की रेस से बाहर होना तय




**मेलबर्न , एजेंसी।** टी20 विश्व कप 2022 में न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के बीच मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। इस मैच के समय मेलबर्न में लगातार बारिश होती रही और टॉस तक नहीं हो सका। वहीं, इससे पहले इंग्लैंड की टीम को आयरलैंड के खिलाफ डकवर्थ लुईस नियम के तहत पांच रन से हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड की इस हार के साथ ही पहले ग्रुप में सेमीफाइनल की रेस रोचक हो गई है। फिलहाल न्यूजीलैंड के बाद श्रीलंका की टीम दूसरे स्थान पर है और इंग्लैंड की टीम तीसरे नंबर पर हैं। सभी टीमों के दो मैच हो चुके हैं और चार टीमों के पास दो अंक हैं। न्यूजीलैंड तीन अंक के साथ पहले और अफगानिस्तान एक अंक के साथ आखिरी पायदान पर है। दोनों ग्रुप से शुरुआती दो टीमें ही सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। पहले ग्रुप से फिलहाल न्यूजीलैंड का दावा सबसे मजबूत है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें एक-एक मैच हार चुकी हैं और इन दोनों में से किसी एक टीम का सेमीफाइनल से बाहर होना लगभग तय हो चुका है। अब दोनों में से कोई एक टीम अधिकतम छह अंक हासिल कर पाएगी और उसके सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावनाएं लगभग खत्म हो जाएंगी। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाला मैच वर्चुअल क्वार्टर फाइनल की तरह होगा। आइए जानते हैं, पहले ग्रुप की सभी टीमों के सेमीफाइनल में पहुंचने के समीकरण क्या हैं। न्यूजीलैंड को पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ी जीत मिली थी। वहीं, अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। इससे न्यूजीलैंड को नुकसान हुआ है, क्योंकि अफगानिस्तान के खिलाफ जीत हासिल करना न्यूजीलैंड के लिए ज्यादा मुश्किल नहीं होता। फिलहाल कीवी टीम के पास दो मैच के बाद तीन अंक हैं और यह टीम अंक तालिका में शीर्ष पर है। अब न्यूजीलैंड को इंग्लैंड, श्रीलंका और आयरलैंड के खिलाफ खेलना है। सभी मैच जीतने पर न्यूजीलैंड के पास नौ अंक होंगे और यह टीम टॉप पर रहकर सेमीफाइनल में पहुंचेगी। हालांकि, कोई मैच हारने पर न्यूजीलैंड के लिए मुश्किलें बढ़ जाएंगी और श्रीलंका की टीम शुरुआती दो स्थान में रहकर सेमीफाइनल में पहुंच सकती है। दो मैचों में एक जीत के साथ श्रीलंका की टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर हैं। श्रीलंका के पास दो अंक हैं और इस टीम को न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, अफगानिस्तान के खिलाफ खेलना है। सभी मैच जीतने पर यह टीम आठ अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में पहुंच सकती है, लेकिन इस टीम के लिए अब कोई मैच जीतना आसान नहीं होगा। ऐसे में श्रीलंका के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें कम हैं। इंग्लैंड ने पहले मैच में अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराया था। हालांकि, दूसरे मैच में आयरलैंड के खिलाफ इस टीम को अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा है। अब इंग्लैंड के पास दो अंक हैं और यह टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। बाकी मैच जीतने पर इंग्लैंड आसानी से सेमीफाइनल में पहुंचेगा। हालांकि, इंग्लैंड के लिए अब कोई भी मैच आसान नहीं है। इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और श्रीलंका से खेलना है। अगर यह टीम इनमें से कोई भी मैच हारती है तो सेमीफाइनल से बाहर हो सकती है।

# हॉरर-कॉमेडी है कैटरीना की फोन भूत



**मुंबई,ईएमएस।** बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ, अपनी आगामी हॉरर-कॉमेडी की पेशकश फोन भूत के लिए तैयार हैं, ने बताया कि उन्हें स्क्रिप्ट के बारे में क्या दिलचस्प लगा और उनके लिए भूत की भूमिका निभाने का सबसे मजेदार पहलू क्या था। फिल्म में ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी भी हैं। कैटरीना ने बताया, भूत की भूमिका निभाने का सबसे मजेदार पहलू फिल्म की दुनिया ही थी। मुझे एहसास हुआ कि मुझे कॉमेडी फिल्म करते हुए काफी साल हो गए हैं। इसलिए, वापस आने की एक तरह की इच्छा थी। एक फिल्म का सेट जिसमें हंसी और विचित्रता और एक गंदी पटकथा थी।卐 फिल्म के लेखकों की प्रशंसा करते हुए कहा, फोन भूत एक ऐसी फिल्म है जहां आप देख सकते हैं कि लेखकों ने कुछ ऐसा बनाया है जिसके लिए वे वास्तव में वर्षों से भावुक हैं। उन्होंने पॉप-संस्कृति संदर्भों और स्क्रिप्ट और संवादों में अंतराल सहित बहुत सी चीजों को शामिल किया है, और यह स्क्रीन पर तब दिखाई देगा जब दर्शकों को यह देखने को मिलेगा।

# यास्मीन ने कमल मिश्रा को कार में दूसरी औरत के साथ पकड़ा!

## प्रोड्यूसर ने पत्नी को कार से मारी टक्कर



**मुंबई,ईएमएस।** फिल्म निर्माता कमल किशोर मिश्रा के खिलाफ पत्नी यास्मीन को अपनी कार से कथित तौर पर टक्कर मारने के सिलसिले में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि कमल मिश्रा की पत्नी ने उन्हें एक अन्य मॉडल के साथ कथित तौर पर कार में रोमांस करते देखा था। वहीं जब यास्मीन ने कमल से बात करने की कोशिश की तो प्रोड्यूस ने उन्हें धक्का देकर अपनी गाड़ी से टक्कर मार दी। जिससे वो घायल हो गई। अंबोली पुलिस ने यास्मीन की शिकायत के बाद इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उपनगर अंधेरी (पश्चिम) में एक आवासीय भवन के पार्किंग क्षेत्र में 19 अक्टूबर को हुई इस घटना में मिश्रा की पत्नी घायल हो गयी थी। अंबोली थाने के अधिकारी के मुताबिक, फिल्म निर्माता की पत्नी ने अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया कि पत्नी की शिकायत के आधार पर अबोली थाने में मिश्रा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### क्या है पूरा मामला

शर्मा जी की लग गई, देहाती डिस्को, खली बली सहित कई फिल्मों के निर्माता कमल किशोर मिश्रा पर फिल्मों और सीरियल की अभिनेत्री यास्मीन ने आरोप लगाया है कि उन्होंने 9 साल पहले यास्मीन से शादी की थी और अब किसी दूसरी मॉडल के साथ रिलेशनशिप में हैं। यास्मीन का कहना है कि एक दिन जब वह अपने पति कमल किशोर मिश्रा के घर गई तो देखा कि वह अपनी गाड़ी में बैठकर मॉडल आयशा सुप्रिया मेमन के साथ रोमांस कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यास्मी ने कहा,मैंने उनकी गाड़ी का शीशा खटखटाया और कहा कि आप थोड़ी देर के लिए बाहर निकलें आप से मुझे कुछ बात करनी है। उन्होंने तेजी से गाड़ी घुमाई जो मेरे पैर को जख्मी कर गई फिर मैं गिर गई और मेरे सिर में चोट लगी, सिर फट गया, उस पे तीन टांके लगे। मुझे देखते ही उन्होंने गाड़ी मुझपर चढ़ाने की कोशिश की।

# डूबी राम सेतु की नैया, थैंक गॉड के कलेक्शन में आई 25 फीसदी की गिरावट, कांतारा ने चटाई धूल




**मुंबई,एजेंसी।** अक्षय कुमार और अजय देवगन की फिल्मों ने ओपनिंग डे पर जैसे तैसे अपनी नैया पार लगा दी। लेकिन, दूसरे ही दिन दोनों की फिल्मों को भारी गिरावट का सामना करना पड़ा। राम सेतु और थैंक गॉड दोनों ही फिल्मों के कलेक्शन में कमी देखी गई। इतना ही नहीं, शरद केलकर की मराठी फिल्म के कमाई में भी गिरावट दर्ज की गई।

**राम सेतु**... राम सेतु की नैया डूबती नजर आ रही है। पहले दिन जहां फिल्म ने 15.25 करोड़ रुपये की कमाई की थी। वहीं, दूसरे दिन फिल्म कलेक्शन में गिरावट देखने को मिली। शुरुआती आंकड़ों की माने तो फिल्म ने बुधवार को अक्षय कुमार की फिल्म ने 10.60 करोड़ का कलेक्शन किया, जिसके बाद फिल्म का कुल कलेक्शन 25.85 करोड़ हो गया। हालांकि यह गिरावट दिवाली की छुट्टी खत्म और वीकडेज होने की वजह से भी आ सकती है।

**थैंक गॉड** – सिर्फ अक्षय कुमार की राम सेतु के कलेक्शन में ही गिरावट नहीं दर्ज की गई है, थैंक गॉड की कमाई भी 25 फीसदी घाटी है। एक तरफ जहां फिल्म ने पहले ही दिन अपनी लागत का दस फीसदी कम लिया था। वहीं दूसरे दिन फिल्म ने मात्र छह करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई 15.25 करोड़ तक जा पहुंची है।

**हर हर महादेव**– शरद केलकर की फिल्म हर हर महादेव की कमाई में भी गिरावट दर्ज की गई है। फिल्म ने अपने ओपनिंग डे पर दो करोड़ रुपये तक का कारोबार किया था। वहीं, दूसरे दिन फिल्म ने तकरीबन 1.20 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। यानी दो दिनों में मराठी पैन इंडिया फिल्म ने करीब 3.20 करोड़ रुपये की कमाई कर डाली है।

**कांतारा** – हालांकि, एक तरफ जहां तीनों फिल्मों की कमाई में गिरावट देखने को मिली है। वहीं, दूसरी तरफ, ऋषभ शेट्टी की फिल्म कांतारा के कलेक्शन पर कोई प्रभाव नजर नहीं आया है। 26 दिन पहले रिलीज हुई फिल्म ने मंगलवार को 7.90 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। वहीं, शुरुआती आंकड़ों की माने तो फिल्म ने बुधवार को भी 7.90 करोड़ रुपये की कमाई की है। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई 192.70 करोड़ रुपये तक जा पहुंची है।

# मां नहीं बनना चाहती थीं पूजा बत्रा तो तोड़ी पहली शादी? बॉलीवुड से दूर रहकर भी ऐसे जी रही हैं आलीशान जिंदगी



मुंबई, ईएमएस। बॉलीवुड एक्ट्रेस पूजा बत्रा का जन्म 27 अक्टूबर 1976 को हुआ था। पूजा बत्रा ने अपनी बेहतरीन अदाकारी के साथ ही साथ अपनी खूबसूरती से फैन्स का दिल जीता है। पूजा अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ ही साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रही हैं। पूजा को बतौर एक्ट्रेस तो खास पॉपुलैरिटी नहीं मिली लेकिन बतौर मॉडल उन्होंने खूब जलवा बिखेरा है। आत उनका 46वां जन्मदिन है । पूजा बत्रा ने फिल्म विरासत से बॉलीवुड डेब्यू किया था। पूजा ने सिर्फ हिंदी ही नहीं बल्कि हिंदी, तमिल, हॉलीवुड और तेलुगू सिनेमा में भी काम किया है। पूजा को बतौर एक्ट्रेस तो बड़ा फेम नहीं मिला है, लेकिन बतौर मॉडल उन्होंने दर्शकों का दिल जीता है। पूजा ने साल 2003 में अमेरिकी बिजनेसमैन सोनू अहलूवालिया से शादी की थी और उसके बाद अमेरिका में ही बस गई थीं। हालांकि दोनों की शादी लंबे वक्त तक नहीं चल पाई। साल 2012 में पूजा और सोनू का तलाक हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सोनू चाहते थे कि उनके घर में किलकारी गूंजे लेकिन पूजा ने करियर पर फोकस करना चाहा और ऐसे में कथित तौर पर इस वजह से दोनों का रिश्ता टूट गया।

### नवाब शाह से रचाई दूसरी शादी

पूजा बत्रा ने दूसरी शादी नवाब शाह से की और दोनों ने साल 2019 में एक दूसरे को जीवनसाथी चुना। सोशल मीडिया पर पूजा बत्रा और नवाब शाह के फोटोज और वीडियोज खूब वायरल हुए थे। पूजा और नवाब के फोटोज वीडियोज को सोशल मीडिया यूजर्स ने खूब प्यार दिया था।पूजा और नवाब सोशल मीडिया पर अब एक्टिव रहते हैं और खूब फोटोज वीडियोज शेयर करते हैं, जिन्हें फैन्स पसंद करते हैं। पूजा के बोल्ड फोटोज अक्सर वायरल होते हैं।

### बॉलीवुड से दूर

बता दें कि पूजा अब बॉलीवुड की दुनिया में ज्यादा एक्टिव नहीं हैं और दूर ही रहती हैं, हालांकि इसके बावजूद वो लैविश और आलीशान जिंदगी जीती हैं। दरअसल पूजा की एड और ब्रांड एंडोर्समेंट से अच्छी कमाई होती है। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पूजा प्रोडक्शन हाउस GlowBellinc की मालकिन हैं, जो फिल्ममेकिंग में बॉलीवुड और हॉलीवुड के बीच पुल का काम करती है। यही नहीं कहा जाता है कि पूजा अमेरिका के रेडियो स्टेशन 'मेरा संगीत-रू' की प्रोड्यूसिंग पार्टनर हैं और मुंबई- लॉस एंजेलिस में पूजा के पास अपना घर है।

# वाल्टेयर वीरैया में नजर आएंगें चिरंजीवी और रवि



**मुंबई,ईएमएस।** आगामी तेलुगु फिल्म् वाल्टेयर वीरैया में चिरंजीवी और रवि तेजा मुख्य भूमिका में है। इस फिल्म के निर्देशक के एस रवींद्र है। यह फिल्म 2023 में संक्रांति के त्योहार के वक्त स्क्रीन पर आएगी। फिल्म का टीजर यह स्पष्ट करता है कि चिरंजीवी फिल्म में प्रशंसकों को वे सभी तत्व मिलेंगे जो वाल्टेयर वीरेय्या में होंगे। शीर्षक टीजर की शुरूआत एक विशाल जहाज में बैठे एक खलनायक के साथ होती है, जो वाल्टेयर वीरैया का मजाक उड़ाता है। फिर, मेगास्टार आतें है, जो एक उपयुक्त उत्तर के रूप में, जहाज को आग लगा देते हैं। शीर्षक टीजर ने प्रशंसकों को रोमांचित कर दिया है क्योंकि उन्हें लगता है कि इस फिल्म में पुराने चिरंजीवी वापस आ गए हैं। अभिनेता का उठना-बैठना, चलने की शैली, शरीर की भाषा और चरित्र चित्रण सभी चिरंजीवी के पुराने ब्लॉकबस्टर से प्रतिष्ठित पात्रों की यादें वापस लाते हैं।फिल्म का निर्माण मैथरी मूवी मेकर्स के नवीन यरनेनी और वाई रविशंकर ने बड़े पैमाने पर किया है, जबकि जीके मोहन सह-निर्माता हैं।

# भूमि पेडनेकर को ड्रेसिंग सेंस के लिए किया गया ट्रोल, उर्फी से की गई तुलना



**मुंबई, एजेंसी।** भूमि पेडनेकर बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस में से एक हैं। उन्होंने कई अच्छी फिल्मों में काम किया है। हाल ही में बॉलीवुड कालाकरों की दिवाली पार्टी जमकर हो रही थी इस बीच भूमि पेडनेकर भी इस पार्टी में शामिल होने के लिए पहुंची थी उस दौरान उन्हें लोगों ने काफी ट्रोल किया । बॉलीवुड सेलेब्स को अक्सर उनके लुक या ड्रेसिंग स्टाइल को लेकर ट्रोल होते देखा जाता है और अब भूमि पेडनेकर ट्रोलर्स के रडार पर आ गई हैं। खैर, अभिनेत्री को हाल ही में एक दिवाली पार्टी के दौरान देखा गया था, और इसमें कोई शक नहीं कि वह अपनी सफेद पोशाक में शांत और सुरुचिपूर्ण लग रही थीं, लेकिन कई लोग ने उनकी तुलना उर्फी जावेद से की। भूमि टॉयलेट-एक प्रेम कथा, दम लगा के हईशा, शुभ मंगल सावधान जैसी फिल्मों में अपने दमदार अभिनय के लिए जानी जाती है और उनके कई प्रोजेक्ट अभी तक रिलीज नहीं हुए हैं। हाल ही में सोनम कपूर की दिवाली पार्टी में, जब नेटिजन्स ने उन्हें सफेद रंग की पोशाक में घूमते हुए देखा, तो कई लोगों ने कहा कि वह कभी अच्छी नहीं दिखतीं, साथ ही उनकी पसंद पर टिप्पणी की और कहा कि वह अश्लील दिखती हैं। इसके अलावा, कुछ ने उर्फी से उनकी तुलना की। एक प्रशंसक ने लिखा, उन सभी डिजाइनरों के साथ, जिनके पास उनकी पहुंच है, वह यही चुनती है। एक अन्य ने कमेंट किया,कुछ लोगों ने तो इस हद तक कहा कि उनका पहनावा प्रफुल्लित करने वाला है और उल्लेख किया गया है, कार्टून नेटवर्क पोशाक।

# पेट्रोल पंप के पास खड़ी दो जेसीबी मशीनों को तत्वों ने किया आग के हवाले

## पन्ना मोड़ के पास देर रात बड़ी दुर्घटना टली



**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना क्षेत्र के पन्ना मोड़ में देररात पेट्रोल पंप के नजदीक खड़ी दो जेसीबी में अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। पंप के कर्मचारियों ने आग लगी देखकर फायर ब्रिगेड को सूचना दी और खुद भी आग बुझाने का प्रयास किया। समय रहते आग बुझा दी गई, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई। आग बढ़ने से पेट्रोल पंप तक आग पहुंचने का खतरा था और उससे एक बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पन्ना मोड़ निवासी राजा राजेश कनकने का जेसीबी चलाने का काम है। दीपावली पर्व के कारण काम बन्द होने से उन्होंने पन्ना मोड़ में चौदहा पेट्रोल पंप के पास अपनी जेसीबी एम.पी.21डीए-0318 व एम.पी.54डीए-0268 खड़ी कर दी थी।

बताया जाता है कि बुधवार-गुरुवार की रात ढाई बजे के आसपास दोनों जेसीबी में अज्ञात तत्वों ने आग लगा दी। पेट्रोल पंप के कर्मचारियों व आसपास के लोगों ने आग लगी देखकर फायर ब्रिगेड को सूचना दी और आग बुझाने का प्रयास किया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा देने के कारण बड़ी घटना टल गई। जिस स्थान पर घटना हुई है, उसके बगल से ही लगा पेट्रोल पंप है।

घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने पेट्रोल पंप के सीसीटीवी फुटेज खंगाले है, जिसमें दो युवक गाड़ी से आकर आग लगाकर भागते नजर आए हैं। पुलिस के द्वारा युवकों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। जेसीबी मालिक ने बताया कि आग लगने से लगभग 20 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

# मां के साथ दिवाली नृत्य देखने जा रही मासूम को कार ने कुचला

### रीठी थाना अंतर्गत भरतपुर गांव में हादसा



**कटनी, यशभारत।** रीठी थाना अंतर्गत ग्राम भरतपुर में एक बेलगाम कार चालक ने मां के साथ दिवाली नृत्य देखने जा रही मासूम बच्ची को टक्कर मार दी। घटना से गांव में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। मौके पर पुलिस पहुंची और बच्ची को डायल-100 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रीठी लेकर आई, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार के ग्राम भरतपुर निवासी 5 वर्षीय रक्षा पिता रमेश यादव मां के साथ शाम को साढ़े 4 बजे गांव में दिवाली नृत्य देखने जा रही थी। तभी रास्ते में कार क्रमांक एम.पी.34सीए-0429 के चालक सुधांशु रतले दमोह ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई और चीखने लगी। कुछ देर बाद बच्ची अचेत हो गई। घटना स्थल पर भीड़ लग गई। रीठी पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। सूचना मिलते ही रीठी पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि तत्काल डायल-100 से बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेजाया गया, जहां पर बच्ची को मृत घोषित कर दिया गया।

### त्यौहार की खुशियां मातम में बदलीं

मां के साथ हंसते-खेलते हुए बच्ची दीवाली देखने गई थी और रास्ते में ही मौत आ गई। बच्ची की मौत से मां सहित परिवार के लोग बिलखते रहे। त्योहार में परिवार में मातम छा गया है। इधर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। वहीं हादसा कारित करने वाली कार को मौके से जप्त कर चालक के विरूद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# छोटे जुआफड़ों तक सीमित रही पुलिस की कार्रवाई

## 50 जुआरियों से 12 हजार रुपए जप्त

**कटनी, यशभारत।** दीपावली में इस बार भी पुलिस को किसी बड़े जुआ फड़ को पकड़ने में सफलता नहीं मिली है। पुलिस के हाथ केवल छोटे जुआ फड़ों तक ही पहुंच सके हैं। जिनमें कुछ जुआरियों को पकड़ कर 500 से 1000 रूपए की जप्ती बनाकर पुलिस ने अपना रिकार्ड दुरूस्त किया है। वहीं सूत्रों की माने तो दीपावली के पूर्व से ही कई थाना क्षेत्रों में बिसात बिछने लगी थी। कहीं पुलिस की सांठगांठ से तो कहीं लुक छिपकर जुआरी जुआ खेलते रहे। वहीं पुलिस के छोटे जुआ फडों में दबिश देकर खानापूर्ती करती रही। बहरहाल रीठी थाना क्षेत्र में जमकर जुआ खेला गया। इसका खुलासा रीठी पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई से हुआ। तीन दिनों में पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि सोमवार दो जुआ फड़ों, मंगलवार को छह और बुधवार को भी कई जुआ फड़ों पर कार्रवाई की गई। 13 प्रकरणों में 50 जुआरियों को दबोचा है। जुआरियों के पास से 12 हजार रुपए जप्त किए किए गए हैं। इसके अलावा कोतवाली, माधवनगर, कुठला, एनकेजे सहित जिले के दूसरे थानों की पुलिस द्वारा भी जुआ के प्रकरण बनाए गए हैं।

# बावली में उतराती मिली लापता युवक की लाश

### कैलवाराकला गांव में सनसनी

**कटनी, यशभारत। कुठला थाना अंतर्गत ग्राम कैलवारा कलां में दो दिन से गायब एक युवक का शव बावली में उतराते हुए मिला है। सूचना पर पुलिस ने शव को निकलवाते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम करते हुए मामले को जांच में लिया है।**

युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई है अभी इसका वास्तविक खुलासा नहीं हो पाया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कैलवाराकला निवासी 42 वर्षीय वीरन आदिवासी दो दिनों से लापता था। परिजनों ने खूब तलाश की लेकिन कहीं पता नहीं चला। बुधवार को युवक का शव गांव की एक बावली में उतराते हुए देखा गया। घटना से गांव में सनसनी फैल गई। कुठला थाना प्रभारी रोहित डोंगरे ने बताया कि सूचना मिलने पर शव को बाहर निकलवाते हुए पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया। मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

# मिशन चौक में फिर लगेगा ट्रेफिक सिग्नल सिस्टम

**यातायात सुगम बनाने नगर निगम द्वारा की जा रही पहल, नियम तोड़ने वालों पर भी होगी सख्त कार्रवाई**

**कटनी, यशभारत।** शहर के सबसे व्यस्ततम चौराहा मिशन चौक में शीघ्र ही यातायात सिग्नल प्रणाली लागू होगी। अब यहां पर वाहन चालक मनमर्जी के मुताबिक फर्राटे नहीं भरेंगे। अभी तक यहां सिग्नल सिस्टम न होने से शहर की ओर से बस स्टैंड, कलेक्ट्रेट की ओर जाने वाले वाहन, कलेक्ट्रेट से जिला अस्पताल व शहर सहित बस स्टैंड की ओर जाने वाले लोग, जिला अस्पताल की ओर से शहर, बस स्टैंड व कलेक्ट्रेट की ओर जाने वाले वाहन चालक मनमाफिक वाहनों को मोड़ देते हैं व फर्राटा भरते निकलते हैं। जिससे हमेशा हादसे होते हैं व गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। हादसों पर लगाम लगाने के लिए यहां पर अब नगर निगम द्वारा ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम प्रणाली लागू की जाएगी। दीन दयाल सिटी बस योजना के तहत यहां पर सिग्नल सिस्टम लागू करने के लिए प्रस्ताव की स्वीकृति मिली है। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कराकर सिग्नल सिस्टम लागू कराया जाएगा।

### माधवनगर गेट में नए सिरे से होगी पहल

माधवनगर गेट में पीपीपी मोड में सिग्नल सिस्टम लगे थे। लगभग एक साल से यहां पर सिग्नल नहीं हैं, जिससे आए दिन हादसे होते हैं व वाहन चालक सहित अन्य लोग परेशान होते हैं। माधवनगर गेट में भी नए सिरे से यातायात सिग्नल सिस्टम की व्यवस्था की जाएगी। दोनों ही प्रस्तावों पर एक साथ टेंडर प्रक्रिया के बाद काम होगा।

### इनका कहना है

मिशन चौक और माधवनगर गेट में यातायात सिग्नल लगाए जाएंगे। इसके लिए प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। स्वीकृति भी मिल गई है। शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया कराकर सिग्नल लगवाए जाएंगे ताकि यहां पर जाम की समस्या न हो व हादसों पर लगाम लगाई जा सके।

**– योगेश पंवार,** सीइओ सिटी बस योजना नगर निगम

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

### द्वितीय पुण्यतिथि

**स्व. श्री पुरूषोत्तम लाल चौबे जी**



कार्तिक मास शुक्ल पक्ष तिथि, दोज पर आज आपकी द्वितीय पुण्यतिथि है। हम सब परिजन और स्नेहीजन आपको याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

**नमनकर्ता :-** नितिन चौबे (पुत्र), विनोद दुबे एवं समस्त चौबे परिवार
चण्डिका नगर कुठला कटनी

### पंचम पुण्यतिथि

**स्व. श्री विजयराघव मिश्रा जी**




सेवानिवृत्त आयुक्त नगर पालिक निगम एवं संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास की

**पंचम पुण्यतिथि पर शत शत नमन**

जन्म 20.10.1950
निधन 26.10.2017

**विनयातुरः-** श्रीमती मंजू मिश्रा (पत्नि) श्रीमती अर्पणा शर्मा, श्री आशुतोष शर्मा (पुत्री-दामाद) श्री आत्म मिश्रा (पुत्र) श्री शिवांश शर्मा एवं श्री कार्तिक शर्मा (नाती), भाई-श्री के.सी. मिश्रा, श्री अजय मिश्रा, श्री अभय मिश्रा, श्री सुदीप शर्मा, श्री सत्यप्रकाश मिश्रा, श्री निर्भय मिश्रा एवं समस्त मिश्रा परिवार
04 - मास्टर प्लान, सिविल लाईन, सतना म.प्र.










प्लाट बेचना है
दुबे कालोनी, जागृति कालोनी एवं पीयूष स्कूल के पास में बहुत ही किफायती दामों में प्लाट बेचना है।
संपर्क धर्मेंद्र तिवारी मो. 9827340910

SHRI HOSPITAL KATNI

डॉ.दीपक सक्सेना डॉ.शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें: श्री हॉस्पिटल एम०एम० चौबे वार्ड बरगवां कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.

सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- जॉकी शोरूम के पास में कटनी-जबलपुर रोड, बरगवां, मो. 9425153498, 7067666668

वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. अशोक चौदहा
एम.बी.बी.एस.डी.सी.एच.

क्लीनिक- राष्ट्रीय स्कूल के पास, घंटाघर रोड, कटनी
मरीज देखने का समय- 10.30 से 3 बजे तक
निवास- डन कॉलोनी बरगवां, कटनी
मरीज देखने का समय सुबह 9 बजे से 10 बजे तक
सायं 6.30 से रात्रि 8 बजे तक
मो. 9893723087, 8319994375

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)